CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 25 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई 22 सितम्बर को
पेज 2




महिला वनडे विश्वकप: पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि
खेल टाइम्स



जल प्रलय के संदेश
सम्पादकीय



कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत
पेज़ 12

## 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने बताया कि हमारे परिवार के घनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इन्कार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ अभय चौटाला के फॉर्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं।

## सकल GST राजस्व अगस्त में 6.5 % की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सकल वसूली अगस्त 2025 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल अगस्त में सकल जीएसटी प्राप्ति 1,74,962 करोड़ रुपये थी। रिफंड के बाद जीएसटी से शुद्ध प्राप्ति अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी की सकल वसूली 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,36,962 करोड़ रुपये रही। इसमें केंद्रीय जीएसटी का योगदान 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और आईजीएसटी का योगदान 48,639 करोड़ रुपये रहा।

## MBBS, BDS में दाखिला संबंधी तेलंगाना के नियम पर सुप्रीम मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौवीं से 12वीं कक्षा तक तेलंगाना में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले से संबंधित राज्य सरकार के मूल निवास संबंधी आरक्षण का लाभ देने वाले राज्य सरकार के नियम को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को तेलंगाना सरकार की अपील स्वीकार कर ली। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल इस नियम को मनमाना करार दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि मूल निवास संबंधी नियम कुछ वर्षों के लिए राज्य से बाहर गए स्थायी निवासियों के बच्चों को दाखिले से वंचित कर देगा।

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही

## गांव के गांव बर्बाद, 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

काबुल, वार्ता

**पूर्वी अफगानिस्तान** में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है। 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा।



### मोदी ने जान-माल के नुकसान पर शोक किया व्यक्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

### भारत ने अफगानिस्तान में एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुंचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। डा. जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार को अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत ने आज काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाए हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार (आज) से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है।

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा पांच सितम्बर तक स्थगित

## हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान
- शिमला में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई।


सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में रविवार शाम को सड़क पर विशाल पेड़ गिर गया। वहां कई लोग और गाड़ियां खड़ी थीं। हालांकि, किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। उत्तराखंड में सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद वाहन फंसे हुए हैं। एसडीआरएफ टीम राहत कार्य में जुटी है।

# SCO ने की आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी घोषणा

## भारत की पहल पर एससीओ देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**तियांजिन / नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल लोगों, इसकी साजिश करने वालों और इसका प्रायोजन करने वालों को कानून के हवाले किए जाने पर बल दिया है।

एससीओ की तियांजिन में आयोजित 25वीं शिखर बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों में आतंकवाद को लेकर एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। एससीओ के सदस्यों ने आतंकवाद की, उसके हर रूप और हर तरीके की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इस विषय में भारत की पहल को स्वीकार करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया है, जिसमें सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान भी शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में कहा था कि आतंकवाद कहीं भी हो, किसी भी रूप में हो, उसका कड़ाई से मुकाबला -**शेष पृष्ठ दो पर**



### पुतिन ने यूक्रेन संकट समाधान में भारत के प्रयासों को सराहा

**तियांजिन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संकट में मध्यस्थता के लिए भारत और चीन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी पहल ने चल रही शांति वार्ताओं को और मूल्यवान बनाया है। श्री पुतिन ने यह बात कही।

### आतंकवाद साझा चुनौती, इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं : मोदी

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को विकास की राह में बड़ी बाधा करार देते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों को इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड छोड़कर मानवता के खिलाफ इस साझा चुनौती का एकजुट होकर विरोध करने के अपने दायित्व को निभाना होगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार होते हैं लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां हैं।

# एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम ला रहे, मोदी जी मुंह नहीं दिखा सकेंगे: राहुल

पटना, वार्ता




**राहुल गांधी** ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की।

हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डाटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। बिहार के युवाओं को मैं कहना चाहता हूं, वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडानी- अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए।

# अल्पसंख्यक स्कूलों को RTE छूट वाले फैसले पर SC संशय में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2014 के प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले के उस फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिसमें कहा गया था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने वाले कानून (आरटीई एक्ट, 2009) से छूट है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस आगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि उन्हें इस फैसले की सही होने पर संदेह है और उन्होंने यह मुद्दा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के पास भेज दिया है। आरटीई एक्ट के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कानून में प्रावधान है कि निजी स्कूलों को 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्गों और वंचित तबकों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखनी होंगी। लेकिन 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति केस में यह कहा था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को इस प्रावधान से छूट दी जाएगी। मौजूदा पीठ ने सवाल उठाया कि क्या यह छूट सही है और क्या इसे दोबारा विचार की जरूरत है। पीठ ने कहा कि अगर आरटीई एक्ट अल्पसंख्यकों के अधिकारों (अनुच्छेद 30) का उल्लंघन करता है, तो प्रमाटी फैसले में यह विचार करना चाहिए था कि धारा 12(1)(ब) को उस समुदाय के कमजोर तबके के बच्चों तक सीमित कर पढ़ा जा सकता था। अदालत ने कहा कि पूरी तरह छूट देना सही नहीं था।



- सीजेआई के पास भेजा मामला

## इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल विवाद: सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना इथेनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प दिए 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री को उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता अक्षय मल्होत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत की गुहार ठुकरा दी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता फरासत ने नीति आयोग की 2021 की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उस रिपोर्ट में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल मानकों का पालन न करने वाले पुराने वाहनों के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। अधिवक्ता मल्होत्रा की इस याचिका में दावा किया गया था कि यह उन लाखों वाहन मालिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, जिनके वाहन इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने केवल प्रसिद्धि पाने के लिए इस मामले में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस याचिका के पीछे एक बड़ा गुट काम रहा है।

# सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के लिए बढ़ाई समयसीमा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद सम्भल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुकदमे में हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की ओर से दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अब सुनवाई 22 को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई की तारीख 22 सितंबर को नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश मामले में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध विशेष अपीलों पर दिया हैं। बीती 24 जुलाई को उच्च न्यायालय ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई स्पष्ट अनियमित. ताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया था।

### नन्ही मायरा बोली प्रवेश करा दीजिए डाक्टर बनना है

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आई कानपुर की नन्हीं बच्ची ने कहा कि स्कूल में एडमिशन करा दीजिए, वह डाक्टर बनना चाहती है। योगी ने पास खड़े अधिकारियों से बच्ची के एडमिशन तुरंत कराने के निर्देश दिए। अपने सरकारी आवास में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 50 से अधिक फरियादियों की समस्याएं जानी।

### टीसीए कल्याणी ने महालेखा नियंत्रक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाला। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि आईसीएएस की 1991 बैच की अधिकारी श्रीमती कल्याणी इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं।

# उत्तर प्रदेश में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होगी।

मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 2 सितंबर तक भारी बारिश की आशंका है। लखनऊ सहित कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है इसलिए सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मानसूनी रेखा उत्तर की ओर



■ मुजफ्फरनगर समेत 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

खिसकी है। इस कारण दो सितंबर तक कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बारिश होगी।

लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में भी अधिक बारिश के आसार हैं।

# जेलों में गंभीर बीमार बंदियों की समयपूर्व रिहाई के नियम सरल किए जाएं: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट तथा मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई।

सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वत: विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका वाले सिद्धदोष बंदी, जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है तथा वृद्धावस्था, अशक्तता या बीमारी के कारण भविष्य में ऐसा अपराध करने में स्थाई रूप से असमर्थ बंदी, जिसके लिए वह दोषी ठहराया गया हो



■ कारागार प्रशासन व सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में बोले सीएम

के साथ-साथ घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित सिद्धदोष बंदी जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की संभावना हो, के संबंध में प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए।

इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई।

### पारदर्शिता बढ़ाने को शीघ्र लागू होगा नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान अधि. नियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण/ विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं।

## चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताना गलत : कांग्रेस

# पीएम का बयान चीन के सामने झुकने वाला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि चीन ने हमेशा पाक के आतंकवादियों का समर्थन किया है और इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताने वाला बयान अनुचित है।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी ने रविवार को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताया है, यह एक तरह से चीन के सामने झुकने वाला बयान है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दो.



■ भारत लंबे समय से चीन पर आतंक के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा

हरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा है कि भारत और चीन, दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने इसे चीन के सामने झुकने वाला बयान बताया और कहा कि अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है।

इससे भी ज्यादा राष्ट्र-विरा. ेधी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके बयान को बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

### जीडीपी के आंकड़े मजबूत होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की दर का आंकड़ा भले ही मजबूत हो, लेकिन विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों में वृद्धि घट रही है जिससे साफ है कि मजबूत जीडीपी के बावजूद आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को जीडीपी के आंकड़ों पर कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ों को लेकर उत्साह अतार्किक है। जीडीपी के अप्रैल-जून के आंकड़ों में कुछ स्पष्ट विरोधाभास भी हैं, जिन पर एक जाने माने बैंक की रिपोर्ट ने सवाल उठाए हैं । उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शहरी खपत अब भी काफी कमजोर बनी हुई है, जबकि ग्रामीण खपत संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रही है। जीडीपी की मामूली वृद्धि दर अब भी धीमी है और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में स्पष्ट रूप से कम है। लाभ वृद्धि के विपरीत, विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री की वृद्धि लगातार धीमी हो रही है। सामान्यत: उपभोग, निवेश और व्यापार जीडीपी वृद्धि के मुख्य निर्धारक हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, तिमाही वृद्धि दर का पूरा 1.8 प्रतिशत अंक इन तीनों निर्धारकों से नहीं समझाया जा सकता।

# अखिलेश ने ईसी को बताया जुगाड़ आयोग

लखनऊ, वार्ता

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' कहकर निशाना साधा और 17,986 हलफनामों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए। यादव ने आरोप लगाया कि एआई से बड़े घोटाले पकड़ने वाला आयोग, सपा के हलफनामों को अनदेखा कर रहा है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पार्टी की तरफ से पेश किए गए 17,986 हलफनामे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल से 1.25 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का पता लगाने में सक्षम चुनाव आयोग, सपा के हलफनामे पर ध्यान नहीं दे रहा है। यादव ने सोमवार को चुनाव



■ 18 हजार हलफनामों में सिर्फ 14 का मिला जवाब

आयोग को जुगाड़ आयोग करार दिया और सवाल किया कि उसने उनकी पार्टी की तरफ से जमा किए गए 17,986 हलफनामों का जवाब क्यों नहीं दिया? उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया था कि पंचायत चुनावों के सिलसिले में 1.25 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और गांवों में नकली मतदाताओं की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सेंसेक्स 8036449
निफ्टी 24625.05

सोना रु. 104493
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 122800
प्रति किलो

# सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद

मुंबई, वार्ता

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में उम्मीद से ज्यादा वृद्धि के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों में उत्साह रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक करीब 555 अंक की बढ़त से साथ बंद हुआ।

बाजार में सुबह से ही तेजी रही। सेंसेक्स 19.34 अंक की मजबूती के साथ 79,828.99 अंक पर खुला और अंत में 554.84 अंक (0.70 प्रतिशत) ऊपर 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। इसका दिन का निचला स्तर 79,818. 38 अंक और उच्चतम स्तर 80,406. 84 अंक रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 5.85 अंक ऊपर 24,4342.70 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहने के बाद 198.20 अंक यानी 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,625.05 अंक पर पहुंच गया। पहली



तिमाही के जीडीपी के आंकड़े में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जारी किया गया है। इससे बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा।

बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से ऑटो क्षेत्र की कंपनियों में जमकर लिवाली हुई। एनएसई में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.52 प्रतिशत, बजाज ऑटो से 4.01 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18, टाटा मोटर्स से 3.09, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18 प्रतिशत चढ़े। इसके अलावा, आईटी, रियलिटी, बैंकिंग, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। एनएसई में 3,156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,133 के शेयरों में तेजी और 935 में गिरावट रही। वहीं 88 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 23 कंपनियों से शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.65 प्रतिशत चढ़े। टाटा मोटर्स में 3.17 फीसदी, ट्रेंट में 2.71, इटरनल में 2.23, एशियन पेंट्स में 2.13 और इंफोसिस में 2.04 फीसदी की तेजी देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.71 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.68, पावर ग्रिड का 1.63 और एक्सिस बैंक का 1.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल, अल्ट्राटेक, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। सनफार्मा में सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी का शेयर भी 0.99 प्रतिशत टूटा। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

### सोना 1.04 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 2,105 रुपए बढ़कर 1,04,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 5,228 रुपए बढ़कर 1,22,800 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,200 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,8800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,100 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमे. रिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

### चावल-चीनी महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया, जबकि गेहूं में नरमी रही। दालों के दाम बढ़ गए। चीनी भी मजबूत हुई, जबकि खाद्य तेलों में घट.बढ़ रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 118 रुपए बढ़कर 3,848.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए फिसलकर 2,849.43 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी छह रुपए सस्ता हुआ और 3,300.30 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 101 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल में 40 रुपए और सोया तेल में 68 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की कीमत करीब 41 रुपए और मूंगफली तेल की 20 रुपए बढ़ गई। वनस्पति 83 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 208 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 134 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 146 रुपए और उड़द दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 75 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब 22 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : दाल चना 7980.86 रुपए, मसूर काली 8153.63 रुपए, मूंग दाल 10105.84 रुपए, उड़द दाल 10446.71 रुपए, अरहर दाल 10759.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.43 रुपए और चावल 3848.88 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4307.56 रुपए और गुड़ 4965.90 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17822.06 रुपए, मूंगफली तेल 17788.83 रुपए, सूरजमुखी तेल 15410.63 रुपए, सोया रिफाइंड 13815.05 रुपए, पाम ऑयल 12356.08 रुपए और वनस्पति 14506.34 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### अपने बयानों से विपक्ष के नेता पद की गरिमा गिरा रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को विफल बताते हुए कहा है कि वह अपने बयानों से लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिरा रहे हैं।

प्रसाद ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी के एटम बम और हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कहा कि कर्नाटक में मतदाता सूची का उनका एटम बम फुस्स हो गया, तो वह अब जनता को भ्रमित करने के लिए हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने बयान से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं, आप लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। कम से कम इसकी गरिमा का ख्याल रखिए। प्रसाद ने कहा कि सभी लोगों को पता है कि पहले जब बिहार में चुनाव होते थे, तब कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन अब ईवीएम के चलते बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एससीओ ने की...**

किया जाना चाहिए। एससीओ के देशों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल लोगों के परिजनों के प्रति गहन संवेदना और शोक व्यक्त किया है। एससीओ की तियानजिन घोषणा में कहा गया है कि संगठन के सदस्य देश पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 के आतंकवादी हमले की कठोर भर्त्सना करते हैं। इसमें आगे कहा गया है कि ऐसे हमले करने वालों, इसकी साजिश रचने वालों और इसके प्रायोजकों को निश्चित रूप से कानून के हवाले किया जाना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता को दोहराया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि आतंकवादियों, पृथकतावादियों और अतिवादियों के गिरोहों को भाड़े के टट्टू की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एससीओ ने कहा है कि आतंकवादी और अतिवादी तत्वों के खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में देशों की सरकारों और उनकी एजेंसियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता दी है। संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर सबका साथ आना और उसकी निंदा करना भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी वजह यह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महीने पहले एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने के कारण उन्होंने इस पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया था, लेकिन अब इस संगठन ने भारत के रुख को स्वीकार कर लिया है। यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की बड़ी जीत है। पाकिस्तान और चीन के रहते आतंकवाद को संयुक्त घोषणा पत्र में जिक्र होना और सभी देशों का साथ आना भारत की कूटनीतिक जीत को दिखाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना



# सीएम ने खटीमा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## पृथक राज्य आंदोलन के शहीदों की कुर्बानी को याद कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के दौरान शहीद हुए आन्दोलनकारियों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सीएम धामी ने प्रतिभाग किया। उन्होंने शहीद राज्य आन्दोलन कारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये और उनके परिजन नानक सिंह, नरेंद्र चंद्र, जगत सिंह, अनिल भट्ट, शरीफ अहमद को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्यमत्री ने कहा कि खटीमा गोलीकांड में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदा. नियों भगवान सिंह सिरौला, प्रताप सिंह, रामपाल, सलीम अहमद, गोपीचंद, धर्मानन्द भट्ट और परमजीत सिंह को स्मरण करने का दिन है, हर नागरिक इन सभी वीर सपूतों का सदैव ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर उनके सपनों के उत्तराखंड का निर्माण करें, यही उनके लिए हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। सरकार राज्य आंदोलनकारियों के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3 हजार रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी शुरू की है, साथ ही घायल और जेल गए आंदोलनका. रियों को 6000 रुपये और सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। नए कानून के अंतर्गत चिह्नित आंदोलनकारियों की परित्यक्ता, विधवा और तलाकशुदा पुत्रियों को भी इस आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को पहचान पत्र जारी करने के साथ ही 93 आंदोलनकारियों को राजकीय सेवा में सेवायोजित भी किया है। आंदोलनकारियों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका को देखते हुए ही राज्य सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। राज्य के समग्र विकास के साथ ही प्रदेश के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

इस दौरान सांसद अजय भट्ट व विधायक भुवन कापड़ी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक नानकमत्ता गोपाल सिंह राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, सुभाष बर्थवाल, फरजाना बेगम, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, दान सिंह रावत, नंदन सिंह खड़ायत, जीवन सिंह धामी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, डीएफओ हिमांशु बागरी व एडीएम पंकज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार जारी बारिश को देखते हुए सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन या मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं। जिन्हें सरकार प्राथमिकता पर खोल रही है, मगर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए, फिलहाल चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितम्बर 2025 तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर प्रस्थान न करें तथा प्रशासन की और से जारी परामर्श का पालन करें। मौसम सामान्य होने एवं मार्ग पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के उपरांत यात्राओं को पुन: प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन की और से सड़क मार्गों की निगरानी, सफाई तथा यात्रियों की सुरक्षा को सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि धैर्य एवं संयम बनाए रखें तथा यात्रा संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क करते रहें।

# खिलाड़ियों को 400 रुपए मिलेगा भोजन भत्ता : रेखा



- भोजन भत्ते की दर बढ़ाने का आदेश जारी
- अभी तक मिलते थे प्रतिदिन ढाई सौ रुपए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए सोमवार को एक अच्छी खबर आई। राष्ट्रीय व इससे उच्च स्तर की खेल प्रतियोगिताओं से पहले आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शि. विरों के दौरान खिलाड़ियों को मिलने वाला दैनिक भोजन भत्ता 250 से बढ़ाकर 400 कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त खेल छात्रावास और स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों को भी बढ़ी हुई नई दर से भोजन भत्ता मिलेगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने पिछले दिनों विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस बारे में अधिकारियों को निर्देश जारी किया था। उनका कहना था कि खिलाड़ियों के लिए 250 दैनिक भोजन भत्ता पर्याप्त नहीं है, इसलिए इसे साई जैसी संस्थाओं द्वारा वर्तमान में दिए जा रहे भत्ते के समकक्ष करना जरूरी है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस प्रस्ताव को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इसके तहत प्रदेश के सभी खेल छात्रावासों और स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों को दैनिक भोजन भत्ता अब 250 रुपए प्रतिदिन के बजाय 400 प्रतिदिन मिलेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर व इससे उच्च स्तर की खेल प्रतियोगिताओं से पहले आयोजित होने वाले खेल प्रशिक्षण शिविरों में भी खिलाड़ियों को नई बढ़ी हुई दर से भोजन भत्ता दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविरों के दौरान खिलाड़ियों के अलावा कोच और अन्य सहयोगी स्टाफ को भी बढ़ी हुई दर से भोजन भत्ता मिलेगा। खेल मंत्री ने कहा कि भोजन भत्ता बढ़ने से अब खिलाड़ियों को ज्यादा पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सकेगा और इससे उनके प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार आएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उनके प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

# अग्निवीर आरक्षण नियमावली जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक और वायदे को पूरा करते हुए सेवामुक्त होने वाले अग्निवीरों को विभिन्न विभागों की वर्दीधारी सेवाओं में दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान कर दिया है। सोमवार को कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की ओर से विधिवत तौर पर उत्तराखंड राज्याधीन सेवाओं में समूह ग के सीधी भर्ती के वर्दीधारी पदों पर सेवायोजन के लिये सेवामुक्त अग्निवीरों को क्षैतिज आरक्षण नियमावली-2025 जारी कर दी है। सैन्य बहुल प्रदेश होने के कारण उत्तराखंड सरकार के इस निर्णय को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। इसी नियमावली के जरिए अब सेवामुक्त हुए अग्निवीरों को विभिन्न विभागों के वर्दीधारी पदों पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें पुलिस आरक्षी (नागरिक/पीएसी), उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर पीएसी, अग्निशामक, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, बंदी रक्षक, उप कारापाल, वन आरक्षी, वन दरोगा, आबकारी सिपाही, प्रवर्तन सिपाही और सचिवालय रक्षक जैसे महत्वपूर्ण वर्दीधारी पद शामिल हैं।



देश की सेवा कर लौटे पूर्व अग्निवीर प्रदेश का गौरव हैं। उन्हें सम्मान और रोजगार का अवसर देना हमारी जिम्मेदारी है। यह निर्णय सेवामुक्त हुए अग्निवीरों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। हमारी सरकार पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों को हर तरह से सेवायोजन का प्रयास कर रही है...**पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

## पिथौरागढ़, चंपावत, चमोली, रुद्रप्रयाग व उत्तरकाशी में आज भी स्कूल रहेंगे बंद




**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड में लगातार आफत बनकर बरस रही भारी बारिश से अभी कुछ दिनों तक राहत मिलती नजर नहीं आ रही है, बारिश से सबसे ज्यादा पर्वतीय जिले प्रभावित हैं, कई जिलों में बारिश से नदी-नाले उफान पर पहुंच चुके हैं, जबकि भूस्खलन की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए कुछ जिलों में बारिश का रेड अलर्ट और कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसको देखते हुए कुछ जिलों में 2 सितंबर मंगलवार को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी के आदेश दिए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने प्रदेश के देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर जिलों में कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने के साथ कुछ स्थानों में भारी से भारी बारिश व गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है, जबकि उत्तरकाशी जिले के कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी बारिश गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है। शेष जिलों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। बारिश की संभावना के चलते पिथौरागढ़, चंपावत, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली जिला प्रशासन ने कक्षा 1 से 12 तक सरकारी, गैर सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को 2 सितंबर मंगलवार को बंद रखने के आदेश दिए हैं।

## खस्ताहाल सड़कों के डामरीकरण को वित्तीय मंजूरी की दरकार

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** आपदा की मार झेल रही उत्तराखण्ड की खस्ताहाल सड़कों के 'मेक-अप' को वित्तीय मंजूरी न मिलने के कारण डामरीकरण और और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटक गये है। भारी बारिश और सड़कों में जगह-जगह मलबा आने और कुछ स्थानों पर भूधंसाव होने से सड़को की हालत नाजुक हो चुकी है। बरसात में सड़कों पर बने गड्ढे भी हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं, ऐसे में राज्य में पांच किलोमीटर से अधिक की सड़कों का न तो डामरीकरण हो पा रहा है और न ही पुनर्निर्माण। प्रदेश के पांच किलोमीटर से अधिक की लंबाई की सड़कों को दूसरे चरण के पुनर्निर्माण की अनुमति नहीं मिल रही है। इससे सैकड़ों सड़कों का काम लटका हुआ है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा के मुताबिक विभाग के पास सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए सीमित बजट है। यही वजह है कि मार्गों के पुनर्निर्माण के लिए दूसरे चरण की मंजूरी नहीं दी जा रही है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राज्य के सीमित वित्तीय संसाधनों को देखते हुए पांच किलोमीटर से अधिक के मोटर मार्गों को दूसरे चरण की स्वीकृति के लिए प्रस्तावित न करने की व्यवस्था है।

## पार्टी फोरम पर ही अपनी बात रखें विधायक-नेता: भट्ट

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भाजपा नेतृत्व ने विधायकों एवं नेताओं के अनावश्यक बयानों को गंभीरता से लेते हुए, पार्टी फोरम में ही बात रखने के निर्देश दिए हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने असंयमित बयानबा. जी को अनुशासनहीनता के दायरे मे लेने की चेतावनी देते हुए कहा कि वह भविष्य मे ऐसे आचरण से बचे और पार्टी फोरम मे ही अपनी बात को रखे। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि कुछ दिनों में पार्टी के विधायकों एवं नेताओं के विभिन्न मुद्दों पर अनावश्यक बयान सामने आए थे। जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है और इस सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष भट्ट सभी से मुलाकात कर अपने हालिया बयानबाजी को लेकर उनका पक्ष सुनेंगे। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि कोई भी जनता, पार्टी या व्यक्तिगत विषय हो, उसे उचित फोरम पर रखा जाए। यदि सरकार से संबंधित विषय है तो मुख्यमंत्री, मंत्रियों के पास और संगठन से संबंधित हो तो प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखा जाए। ऐसे तमाम अन्य प्रकरणों को लेकर उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं।






## नाबालिग युवती का अपहरण करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** विगत 27 अगस्त 2025 को कोटद्वार निवासी वादिनी द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री सुबह घर से बिना कुछ बताए कहीं चली गई है और अभी तक वापस नहीं लौटी है।

वादिनी ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि उसकी पुत्री से संदीप नाम का एक युवक लगातार बात करता रहता था तथा कई बार उसका पीछा करते हुए भी देखा गया है। परिजनों को गहरा संदेह है कि उद्र युवक संदीप ने ही उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है। जिस सम्बन्ध में कोतवाली कोटद्वार पर विभिन्न धाराओं में मुक. दमा पंजी.त किया गया। प्रकरण नाबालिग युवती की गुमशुदगी का होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा गुमशुदा नाबालिग युवती को तत्काल बरामद करने हेतु पुलिस टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्गत निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास एवं कुशल सुरागरसी पतारसी कर सीसीटीवी कैमरे एवं सर्विलांस की मदद से गुमशुदा नाबालिग के सम्बन्ध जानकारी जुटाई गयी, जिसके परिणास्वरूप नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर अभियुद्र संदीप नेगी निवासी-चाकीसैण पैठाणी को कलालघाटी कोटद्वार क्षेत्र से गिरतार कर न्यायालय में पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# विवि में बीएससी की सीटों पर कटौती किए जाने पर रोष

## छात्रों ने कुलपति सचिवालय के बाहर किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में छात्र-छात्राओं को बस एवं ई-रिक्शा की सुविधा दिए, बीएससी और बीए की सीटों पर कटौती किए जाने की मांग सहित अन्य पांच सूत्रिय मांगों पर कार्यवाही न होने पर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान छात्रों ने गढ़वाल विवि प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। सोमवार को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत, जय हो छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष आयुष मियां और छात्र नेता बिरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में आक्रोशित छात्रों ने प्रशासनिक भवन स्थित कुलपति कार्यालय कूच किया। यहां सुरक्षा कर्मियों द्वारा सभी छात्रों को कुल. पति सचिवालय में प्रवेश करने से राके जाने पर छात्र भड़क उठे और



धरने पर बैठ गये। इस दौरान छात्र मांगों को मनवाने के लिए कुलपति से वार्ता करने पर अडे रहे। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर पहुंचे डीएसडब्ल्यू और मुख्य नियंता ने काभी समझाने की को. शिश की, लेकिन छात्र नहीं माने। कुलपति से मिलने की मांग पर अड़े रहें। इस मौके पर कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह को सौंपे ज्ञापन में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत, जय हो छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष आयुष मियां, छात्र नेता बिरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि लम्बे समय से गढ़वाल विवि में चौरास परिसर से छात्रों के आवागमन के लिए ई-रिक्शा का संचालन किए जाने की मांग कि जा रही है, लेकिन गढ़वाल विवि ने दूसरी संस्था से लेकर ई-रिक्शा का संचालन तो कर रहा है, जो कि नाकाभी है।

उन्होंने छात्रों की सुविधा को देखते हुए तत्काल प्रभाव से 10 नए ई-रिक्शा अपने संसाधनों से खरीदने की मांग की है। कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय में कई छात्र-छात्राएँ श्रीकोट से विश्वविद्यालय में पढ़ाई करते हैं तथा पूर्व में श्रीकोट से आने वाले छात्र-छात्राओं को बस की सुविधा प्रदान की गई थी, जो की विगत वर्षो से बंद कर दी गई है। उन्होंने श्रीकोट से आने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा को देखते हुए पूर्व के भांति बस की सुविधा उपलब्ध कराएं जाने की मांग की है।

साथ ही उन्होंने बीए और बीएससी के पाठ्यक्रमों की 40 प्रतिशत कटौती की गई। जिससे जरूरतमंद छात्र प्रवेश लेने से वंचित रह गये है। उन्होंने पूर्व के भांति शीटों को यथावत रखे जाने की मांग की। जिससे छूटे हुए छात्र छात्राओं को प्रवेश मिल सके। छात्र नेता पुनीत अग्रवाल ने चौरास परिसर के छात्रावास में एक महिला फार्मासिस्ट और डॉक्टर की नियुक्ति की जाने, चौरास परिसर के छात्रावास में महिला सुरक्षा गार्डों को नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

फोटो....श्रीपी...02। गढ़वाल विवि में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए छात्र।

## त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित

**नई टिहरी।** जलकुर घाटी प्रताप. नगर जन विकास समिति की ओर से सोमवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लंबगांव के सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत प्रति. निधि सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार की अध्यक्षता में हुए इस समारोह का शुभारंभ एसआरके पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर समिति द्वारा विकासखंड प्रतापनगर के पट्टी ओण, भदूरा, रौणद रमौली, उपली रमौली, रैका तथा डुंडा ब्लॉक के गाजणा पट्टी क्षेत्र के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत प्रमुखों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## दशज्यूला महोत्सव में लोकल उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत शिवशक्ति स्वायत सहका. रिता महड़ की ओर से अभिनव पहल करते हुए जागतोली दशज्यूला महोत्सव में स्थानीय उत्पादों की सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी ने न केवल स्थानीय उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराया, बल्कि स्वरोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देने का काम किया। जिला परियोजना प्रबंधक एवं यंग प्रोफेशनल्स ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को महोत्सव के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया। प्रदर्शनी में स्थानीय दालें, धूपबत्ती, जूस, अचार, जैम सहित कई पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित और बेचा गया, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

- इशिता सजवाण बनीं जिला पंचायत अध्यक्ष, मानसिंह रौतेला ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ली
- 43 सदस्यों ने ली शपथ, प्रशासन ने गरिमामयी माहौल में कराया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में सोमवार, 1 सितम्बर को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह नई टिहरी स्थित जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में बड़े ही गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस



अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

समारोह में टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी, विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, नगर पालिका परिषद नई टिहरी के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, नगर पालिका चंबा की अध्यक्ष शोभनी धनोला, पूर्व विधायक विजय पंवार और धन सिंह नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, कांग्रेस नेता राकेश राणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मंच पर उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण और उपाध्यक्ष मानसिंह रौतेला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत इशिता सजवाण ने मंच से उपस्थित सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। कुल 45 सदस्यों में से 43 सदस्यों ने शपथ ली। जानकारी के अनुसार, एक सदस्य की शपथ पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई थी, जबकि एक अन्य सदस्य अत्यधिक बारिश के कारण समारोह में शामिल नहीं हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, जिला पंचायतीराज अधिकारी एम.एम. खान, ए.एम.ए. जिला पंचायत भागवत पाठनी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और अलग-अलग राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण और अनुशासित वातावरण में किया गया। समारोह ने न केवल लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त बनाया, बल्कि जनप्रतिनिधियों के बीच नई ऊर्जा और जिम्मेदारी का संचार भी किया।

### एक नजर .......

## भाजपा की महिला सदस्यों ने कांग्रेस की घृणित सोच के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**कोटद्वार।** भारतीय जनता पाटह्न, कोटद्वार की मातृ शद्रि एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार के दरभंगा में कांग्रेस नेताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्रे नरेन्द्र मोदी और उनकी स्वर्गवासी पूज्य माता के बारे में कहे गए अपमानजनक शब्दों के विरोध में सोमवार को झडाचौक में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। धरना प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष भाजपा स्वर्य राज गौरव नौटियाल, नगर अध्यक्ष विकास दीप मित्तल, रजनी बिष्ट, लक्ष्मी रावत, पंकज भाटिया, नीना बेजवाल, ज्योती सिंह, पिंकी खंतवाल, अनीता आर्य, मीनू डोबरियाल, महेश्वरी बिष्ट, निशा जुयाल, राजेश्वरी, रितू चमोली, प्रीति कुलश्री, यशोदा नेगी, कुसुम गौड़ आदि मौजूद रहे।

## एलयूसीसी के सदस्यो का धरना रहा जारी

**कोटद्वार।** द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिट को-अक्षरेटिव सोसाइटी के सदस्यों ने अपनी डूबी हुई रकम वापस दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को 57 वें दिन भी तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। सभा में वद्राओं ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। इस प्रदर्शन में सुरेश नेगी, कुलवंत पुंडीर, अंजू डबराल, नीलम, सोनी नेगी,रजनी रावत, रीता नेगी, रश्मि रावत,बबीता रावत,चंद्रकला, बीरेंद्र रावत, बिजेंद्र रावत,पूजा, सुनीता रावत मौजूद रहे।

## डा. सयाना मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के नियमित प्राचार्य नियुक्त

श्रीनगर। उत्तराखण्ड शासन ने डॉ. आशुतोष सयाना को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर का नियमित प्राचार्य नियुक्त कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की ओर से आदेश जारी किए गए। उत्तराखण्ड शासन के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित विभागीय चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आलोक में यह पदोन्नति दी गई है। चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली, 2014 के भाग-06, नियम-20 के अधीन डॉ. सयाना आगामी दो वर्षों तक परिवीक्षा अवधि में रहेंगे। शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ. आशुतोष सयाना को तत्काल पदभार ग्रहण कर शासन को अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा। इस निर्णय से मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में लंबे समय से चल रही नियमित प्राचार्य की नियुक्ति की प्रतीक्षा समाप्त हो गई है। माना जा रहा है कि डॉ. सयाना की नियुक्ति से कॉलेज के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

## गेंवाली आपदा प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया ग्रामीणों का उपचार

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना के दूरस्थ ग्राम गेंवाली में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि से आई आपदा के बाद प्रभावित ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच और उपचार हेतु जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सीय टीम रवाना की। मुख्य चिकित्साधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. श्याम विजय ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी से टीम को शनिवार को ही भेजा गया था, किंतु मार्ग अवरुद्ध होने के कारण वह गाँव तक नहीं पहुंच पाई। मार्ग सुचारु होते ही रविवार को टीम गेंवाली पहुँची और प्रभावित परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया। गाँव में पहुंची स्वास्थ्य टीम ने 100 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाइयाँ नि:शुल्क वितरित कीं। साथ ही नवजात शिशुओं का टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जाँच भी की गई। ग्रामीणों ने समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिलने पर जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। टीम ने ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ पेयजल के प्रयोग और मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में परामर्श भी दिया। स्वास्थ्य टीम में डॉ. श्रीयांस पैनुली, डॉ. अनुभव कुड़ियाल, अनिल (फार्मेसी अधिकारी), अर्जुन बिष्ट (साम. ुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी), अर्जुन पंवार (नर्सिंग अधिकारी), मिनाक्षी जाखेड़ी (स्वास्थ्य कार्यकर्ती), राम लाल (वार्ड बॉय) और विनोद महर शामिल रहे। टीम ने सभी प्रभावित ग्रामीणों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं और परामर्श उपलब्ध कराकर प्रशासन की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# बच्चों व महिलाओं के लिए लगेगा आधार कैंप

- कुपोषित बच्चों की जांच पूरी, कई बच्चे सामान्य श्रेणी में आए सुपरवाइजर को मिलेगा पोषण ट्रैकर ऐप का डिजिटल प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन में पोषण अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत आ रही समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन



बच्चों और महिलाओं के आधार कार्ड अब तक नहीं बने हैं या उनमें संशोधन की आवश्यकता है, वहां शीघ्र आधार पंजीकरण शिविर लगाए जाएं ताकि किसी भी लाभार्थी को योजनाओं से वंचित न होना पड़े।

उन्होंने कहा कि पोषण अभियान की प्रगति पूरी तरह से तकनीकी व्यवस्था पर आधारित है, इसलिए पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक सूचना को शत-प्रतिशत और त्रुटिरहित अपलोड किया जाए। साथ ही परियोजनाओं में कार्यरत सभी सुप. रवाइजर को ऐप के प्रभावी संचालन के लिए डिजिटल प्रशिक्षण दिलाया जाए ताकि किसी भी स्तर पर लाप. रवाही न हो और आंकड़े सटीक रूप से दर्ज हों।बैठक के दौरान बाल विकास अधिकारी ने बताया कि जिले में चिन्हित 102 कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की आरबीएसके टीम द्वारा जांच कराई गई। जांच में यह सामने आया कि इनमें से 27 बच्चे अब कुपोषण से उबरकर सामान्य श्रेणी में आ चुके हैं, जबकि शेष बच्चों को विस्तृत स्वास्थ्य जांच के लिए सीएचसी, पीएचसी, जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि इन बच्चों की लगातार निगरानी की जाएगी ताकि उन्हें उचित उपचार और पोषण मिल सके। बैठक में बाल विकास अधिकारी संजय गौरव, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी और जिला समन्वयक आशीष नेगी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि जिले में पोषण अभियान को अधिक प्रभावी बनाया जाए और बच्चों तथा महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

## श्रीनगर में विभिन्न वार्डों पर पेयजल संकट बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति अभी भी सुचारू रूप नहीं हो पाई है। एक बार फिर पाइप लाइन फटने से कई वार्डों में पेयजलापूर्ति बांधित है। जल संस्थान की अधिकारियों ने शनिवार देर सांय तक कड़ी मशक्कत के बाद जीवीके परियोजना से पहुंच रही मुख्य पेयजल लाइन को सुचारू करने का काम किया, लेकिन पाइप लाइन एक बार फिर फट गयी। जिसके कारण कई स्थानों पर पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। नगर निगम के ब्राह्मण महौला, मेडिकल कालेज रोड़, हाइडिल कालोनी और बीएसएनएल काला. ेनी में पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। हालंकि जिन स्थानों पर पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है वह जल संस्थान श्रीनगर टैंकरों के माध्यम से पेयजलापूर्ति कर रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता तनुज बडोनी ने बताया कि बीते 7 दिनों से हाइडिल कालोनी में पेयजलापूर्ति नहीं हुई है। पानी न होने के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों से जल्द पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से कराएं जाने की मांग की है। उधर जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता प्रवीन कुमार सैनी ने बताया कि मुख्य पेयजल लाइन फटने से पेयजलापूर्ति सुचारू करने में दिक्कतें हो रही है।

## दशहरा मेले की तैयारियां जोरों पर

**सेलाकुई।** दशहरा मेला समिति सेलाकुई के पदाधिकारियों की समिति के अध्यक्ष रविदास चंगोल की अध्यक्षता में दशहरा मेले की तैयारी को लेकर बैठक हुई।

दशहरा मेला समिति सेलाकुई के पदाधिकारियों की समिति के अध्यक्ष रविदास चंगोल की अध्यक्षता में दशहरा मेले की तैयारी को लेकर बैठक हुई। मेला दो अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रविद. ास चंगोल ने बताया कि इस बार तृतीय दशहरा मेले का आयोजन दो अक्तूबर को होने जा रहा है। मेला निगम रोड रामलीला मैदान में होगा।

# टिहरी झील में 14 दिवसीय कयाकिंग प्रशिक्षण संपन्न

- लड़कियों ने सीखी जल क्रीड़ा की बारीकियां और सुरक्षा तकनीकें प्रतिभागियों को मिला प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद की विश्वप्रसिद्ध टिहरी झील में सोमवार को पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 14 दिवसीय कयाकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न




हुआ। विशेष रूप से बालिकाओं और युवतियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कयाकिंग के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को साहसिक खेलों में प्रोत्साहित करना और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना रहा।

प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों ने जल क्रीड़ा से जुड़ी सुरक्षा उपायों, बचाव तकनीकों, नदी में संतुलन बनाने की कला और प्रतियोगितात्मक कयाकिंग की बारीकियों को बारीकी से सीखा। कोर्स के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने व्यावहारिक अभ्यास कर अपने प्रशिक्षण का सफल प्रदर्शन किया, जिससे उनके आत्मविश्वास और कौशल का परिचय मिला।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की कयाकिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, ऋषि राणा और प्रियंका ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से प्रतिभागी न केवल साहसिक खेलों में आगे बढ़ेंगी, बल्कि पर्यटन क्षेत्र में भी नए अवसर प्राप्त कर सकेंगी।

समापन समारोह में आईटीबीपी के अधिकारी, प्रशिक्षु और अन्य संबंधित लोग भी मौजूद रहे। आयोजन को लेकर प्रतिभागियों और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। यह प्रशिक्षण न केवल खेल प्रतिभा को निखारने का माध्यम बना, बल्कि जिले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# चमोली में 5 सितम्बर तक श्री बद्रीनाथ एवं श्री हेमकुंड साहिब यात्रा पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 01 सितम्बर से 05 सितम्बर 2025 तक प्रदेश में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इसके कारण जनपद चमोली के कई क्षेत्रों जैसे कामेडा,नंदप्रयाग, पागलनाला, भनेरपानी में मार्ग बाधित होने और यात्रा के दौरान खतरा बढ़ने की आशंका बनी रहती है।अतः जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 01 सितम्बर से 05 सितम्बर 2025 तक श्री बद्रीनाथ एवं श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा पर तत्काल प्रभाव से रोक



लगाई जाती है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया है।जिलाधिकारी ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील है कि वे मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें।

## चमोली में 51 नए मतदेय स्थल बनाने के प्रस्ताव हुए तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिला निर्वाचन विभाग की ओर से उपजिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान राजनैतिक दलों व ग्रामीणों की ओर से प्रदत्त मतदेय स्थलों के परिवर्तन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कुल 51 मतदेय स्थलों के स्थान परिवर्तन व संशोधन को लेकर सहमती बनी। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि जनपद में अधिक दूरी होने अथवा अन्य कारणों से मतदेय स्थल परिवर्तन और संशोधन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिनमें से सभी का भौतिक सत्यापन और चर्चा कर परिवर्तन अथवा संशोधन हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। जिन्हें स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ विधानसभा में जहां 8 नए मतदेय केंद्र बनाए जाने हैं। वहीं 2 मतदेय केंद्रों में संशोधन के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। जबकि भाजपा के विनोद कनवासी की ओर से सूगी-करछूना मतदेय केंद्र के परिवर्तन का सुझाव दिया गया है। वहीं विधानसभा थराली में 17 और कर्णप्रयाग में 15 नए मतदेय केंद्र बनाने के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

## नन्दानगर पहुंचे एसपी चमोली, राहत व बचाव कार्यों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** नन्दानगर के मुख्य बाजार बैण्ड के ऊपर कुँवर कॉलोनी के पीछे लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण पूरा बैंड बाजार खतरे की जद में आ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार नन्दानगर पहुँचे और प्रभावित क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगो से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और हर संभव मदद का आश्वासन



दिया। मारिया आश्रम व गल्ला गोदाम में बनाए गए राहत शिविर में पहुँचकर प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें हौसला दिया और राहत शिविरों में रह रहे बच्चों व बुजुर्गों का हालचाल जाना और मौके पर मौजूद पुलिस बल को उन्होंने लगातार पेट्रोलिंग करने और असुरक्षित क्षेत्रों को पूर्णत: खाली कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। प्रशास. निक अधिकारियों के साथ मिलकर उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की रियल-टाइम समीक्षा की तथा पानी, खाद्य सामग्री और दवाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# करोड़ों की साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ डीजल डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहकर साइबर अपराधियों ने रिटायर्ड कुलपति को लगाया था चूना ■ एसटीएफ ने किया खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सेवानिवृत्त कुलपति को डेढ़ करोड़ का डिजिटल के नाम पर चूना लगाने वाले साइबर अपराधी को सटीएफ ने सोलन हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया। बताया गया है कि अपराधियों द्वारा 12 दिनों तक पीडिता (वरिष्ठ नागरिक) को घर पर व्हाटसप कॉल के माध्यम सेडिजिटल अरेस्ट किया गया था। वही महाराष्ट्र पुलिस के साईबर क्राईम विभाग के नाम पर पीडित को व्हाटसप कॉल पर डिजिटल अरेस्ट कर साईबर धोखाधडी की गयी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि एक प्रकरण जनपद नैनीताल निवासी पीड़ित द्वारा माह अगस्त 2025 में दर्ज कराया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि अगस्त 2025 में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्वयं को महाराष्ट्र साईबर क्राईम विभाग से बताते हुए पीडित के नाम पर खुले बैंक खाते में मनी लांड्रिंग के तहत 60 करोड रूपये के लेनदेन होने की बात कही गयी थी। जिसके लिये पीड़ित के खातों का वैरिफिकेशन कराये जाने के लिये व्हाटसप कॉल पर ही पीडित को "डिजिटली अरेस्ट" करते हुए 12 दिनों में विभिन्न खातों में कुल 1.47 करोड की धनराशि धोखाधडीपूर्वक जमा करायी गयी थी।

साइबर अपराध की इस घटना का खुलासा करते हुए सटीएफ ने राजेन्द्र कुमार पुत्र सोमनाथ हाल पता लीली अपार्टमेंट अमरावती बददी जिला सोलन हिमाचल प्रदेश स्थायी पता ग्राम लक्खीबंस थाना रादौर जिला यमुनानगर हरियाणा को चिन्हित करते हुए अभियुक्त की तलाश करते हुए सोलन थाना बद्दी हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर 3 मोबाईल फोन, 3 सिम कार्ड, 2 चौक बुक, 3 हस्ताक्षरित चौक, 2 सैण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया का ब्लैंक चौक, 2 ब्लैंक चौक एक्सिस बैंक, 3 चौक इण्डियन ओवरसीज बैंक, 4 विभिन्न फर्मों की मोहरें, 1 वाई फाई राउटर, विभिन्न बैंक के डेबिट कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, बिल बुक 1 बरामद किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा।

# नकली दवाइयों का व्यापार करने वाले चार कंपनी मलिक सहित पांच गिरफ्तार

## एसटीएफ के फंदे में फंसे जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ब्रांडेड कम्पनियों की नकली दवाईयां बनाने वाले 4 कम्पनी के मालिक व प्लांट हेड को एसटीएफ गिरफ्तार किया। इस प्रकरण में नकली दवाईयां बनाकर बेचने वाले गिरोह के मास्टर माइंड सहित 10 सदस्यों को अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तारी की जा चुकी है।

विभिन्न ब्रांडेड दवाई कंपनियों की जीवन रक्षक दवाईयों की हूबहू नकल कर नकली दवाईयों को तैयार कर बाजार में विक्रय किये जाने की शिकायत मिलने पर उस गिरोह की पहचान कर नकली दवाईयों को बनाने व बाजार में विक्रय करने वाले गैंग के विरूद्ध कार्यवाही करना पुलिस के लिए एक चुनौती बना हुआ है नकली दवाईयों के बाजार में विक्रय होने और उनके जीवन रक्षक औषधि के रूप में प्रयोग करने से आम जनमानस के स्वास्थय में दुष्प्रभाव होता है। वहीं दूसरी और राजस्व की भी बड़े स्तर पर हानि होती है।मामले में एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ को प्रतिष्ठित दवाई कम्पनियों के नकली रैपर व नकली आउटर बॉक्स, लेबल एंव क्यूआर कोड भारी मात्रा के साथ एक व्यक्ति संतोष कुमार को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। जिस सम्बन्ध में थाना सेलाकुई देहरादून में अभियोग पंजीकृत कराया था। प्रकरण की गम्भीरता देखते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा इस अभियोग की विवेचना भी एसटीएफ को स्थान्तरित की गयी।एसटीएफ द्वारा इस अभियोग में पूर्व में 06 अभियुक्त संतोष कुमार, नवीन बंसल, आदित्य काला, देवी दयाल गुप्ता, पंकज शर्मा व विजय कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार किया जा चुका है।इस फर्जी फर्म को दवा सप्लाई करने के लिए जानबूझ कर किए गए गंभीर आरोपों के चलते आरोपी प्रदीप गौड पुत्र भगवती प्रसाद निवासी केवी थापा मार्ग नियर ग्रीन वैली स्कूल सेलाकुई थाना सेलाकुई व शैलेन्द्र सिंह पुत्र खुशीराम सिंह निवासी उत्तमनगर, टी०पी० नगर मेरठ,शिशिर सिंह पुत्र शिव शंकर सिंह निवासी नियर तुला इंस्टीट्यूट थाना प्रेमनगर सहित तेजेन्द्र कौर पत्नी जसमीत सिंह निवासी इंदिरापुरम जीएमएस रोड देहरादून को गिरफ्तार किया गया।

# कांग्रेसियों ने भाजपाइयों को खदेड़ा

## एक घंटे तक दोनों दलों के नेता करते रहे नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बिहार में एक रैली के दौरान पीएम मोदी पर की कई अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को देहरादून में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय के पास जमकर प्रदर्शन किया, इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की स्थिति बन गई थी, जिसके बाद पुलिस को बीच में आना पड़ा।

सेमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने एश्ले हॉल चौक और कनक चौक पर बैरिकेडिंग लगाए थे, दोनों दलों के कार्यालयों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। भाजपा के कार्यकर्ता जैसे ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एश्ले हॉल चौक पर पहुंचे, तभी भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने बेरिकेडिंग पार कर कांग्रेस भवन की तरफ बढ़ने लगे, वहीं कांग्रेस भवन के गेट पर पहले से ही मौजूद कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के कार्यकर्ताओं का विरोध करते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ो जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। दूसरी तरफ भाजपा के कार्यकर्ता भी राहुल गांधी चोर है जैसे नारे लगाने लग गए। इस दौरान एश्ले हॉल चौक पर काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच जमकर नारेबाजी होती रही। हालांकि वहां मौजूद पुलिस ने माहौल बिगड़ने से पहले ही दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को अलग कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान माहौल गरमाया रहा।

# महानगर भाजपा ने किया कांग्रेस भवन का घेराव

## प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय माता के प्रति की गई कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी का जताया विरोध

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में राजपुर रोड देहरादून स्थित कांग्रेस भवन का घेराव किया गया। कांग्रेस नेताओं की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता के प्रति की गई, अमर्यादित एवं अपमानजनक टिप्पणी के विरोध को दर्ज कराया गया।



इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से तत्काल सार्वजनिक माफी माँगने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या विपक्ष के नेता को इस स्तर तक गिरकर टिप्पणी करना अथवा करवाना न केवल अशोभनीय है, बल्कि भारतीय संस्कृति और मर्यादा के भी खिलाफ है। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री की माताजी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान है। कांग्रेस पार्टी को इसके लिए देश से क्षमा माँगनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की अभद्र एवं असंवेदनशील टिप्पणियाँ दोहराई गईं तो पार्टी उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

इस घेराव एवं विरोध प्रदर्शन में राजपुर विधानसभा के विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर राज्य मंत्री कैलाश पंत, श्रीमती विनोद उनियाल, पुनीत मित्तल, शादाब शम्स, अनिल गोयल, भगवत प्रसाद मकवाना, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, आशीष रावत, सुरेन्द्र राणा, विजेंद्र थपलियाल, संकेत नौटियाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेन्द्र बिष्ट, पारस गोयल, तरुण जैन, पंकज शर्मा, अजय शर्मा, उज्जवल नेगी, प्रदीप कुमार, रतन सिंह चौहान, मोहित शर्मा ,अर्चना बागड़ी, संदीप मुखर्जी, सुभाष बालियान, अनिल गुप्ता ,बलदेव नेगी, विपिन खंडूरी, गुरप्रीत, बलजीत सोनी , अशोक वर्मा, योगेश घाघट, अनिता गर्ग ,आशीष शर्मा, विपुल मंडोली ,प्रकाश बडोनी , राहुल लारा, सुमित पाण्डेय, प्रदीप रावत ,सुषमा कुकरेती, अवधेश तिवारी, साक्षी शंकर, यासमीन आलम खान, शहजाद खान, सुषमा कुकरेती, पूनम ममगाईं, अंजू बिष्ट, हिमानी झा, नीलू साहनी, बबली चौहान, दिव्या नेगी, सीता रावत, संध्या थापा, अंजू ,समीना सिद्दीकी , विमला गौड , मंजू चौहान, वरिष्ठ नेता, भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता और उपस्थित रहे।

# किसानों को तत्काल दें फसलों के नुकसान का मुआवजा : जोशी

## जनपद के सभी किसानों का बीमा कराया जाए, अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करें

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून/हरिद्वार।** जनपद में भारी वर्षा एवं अतिवृष्टी के कारण कृषि एवं उद्यान से जुडे हुए किसानों की फसलों के क्षति का आंकलन एवं उन्हों उपलब्ध कराये गये मुआवजा के सम्बन्ध में कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में सोमवार को सीसीआर सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जोशी ने जनपद में किसानों की फसलों की हुई क्षति के सम्बन्ध उपलब्ध कराये गये मुवावजा के सम्बन्ध में जानकारी ली।

कृषि मंत्री जोशी ने मुख्य कृषि अधिकारी , जिला उद्यान अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में भारी वर्षा एवं अतिवृष्टि के कारण जो भी फसलों को नुकसान होता है उसका तत्काल आंकलन करते हुए किसानों को क्षति का मुवावजा तत्काल उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिये है कि किसी भी कृषक की पशु एवं भवन सम्पत्ति को नुकसान होता है तो उसे तत्काल नियमानुसार शासन द्वारा निर्धारित सहायता धनराशि उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के अधिक से अधिक किसानों की फसलों का बीमा कराया जाय ,इसके लिए उन्होंने किसानों को बीमा कराने के लिए भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक बीमा के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिये है कि बागवानी के क्षेत्र में अधिक से अधिक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया जाय, जिसके लिए उन्होंने ड्रैगन फूड का उत्पादन करने के लिए विशेष जोर देते हुए अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित करते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि 2027 में कुम्भ मेंला आयोजित हो रहा है तथा महिला समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके द्वारा तैयार किये जा रहे पहाड़ी उत्पादों का अधिक से अधिक स्टॉल लगाया जाए इसके लिए उन्होंने स्थान चिन्हित करने के भी निर्देश दिये। ताकि अधिक से अधिक महिला समूहों को लाभ उपलब्ध हो सके। उन्होंने जनपद की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए महिला समूहों को एनआरएलएम द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उनसे बेहतर संवाद किया जाय ताकि उन्हें लखपति दीदी बनाया जाय। जनपद में महिला समूहों द्वारा तैयार कराये जा उत्पादों की जानकारी ली तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी को उपलब्ध कराये गये आवास की जानकारी ली।

कृषि मंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा कि जनपद हरिद्वार में किसानों की फसलों की क्षति का एवं पशुओं की हुई हानि का अहेतुक सहायता का अनुगृह अनुदान की राशि प्रभावितों को समय पर उपलब्ध कराने तथा जनपद में महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यो के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे नं फसलो को नुकसान एवं मुआवजा व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में परियोजना निदेशक केएम तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश,मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी, जिला उद्यानन अधिकारी तेजपाल सिंह, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, जिला महामंत्री भाजपा अशु चौधरी, अरूण चौहान,अभिषेक गौड़ सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहें।

# देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन को सुझावों पर अमल की उम्मीद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून ।** देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से चंदन नगर, देहरादून मुख्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा उत्तराखंड के छोटे एवं मझौले ठेकेदारों के हित में हमारे द्वारा पहले मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया था और उसी ज्ञापन पर शासन द्वारा 28 अगस्त को समस्त विभाग के ठेकेदारों एवं अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमे सचिव शैलेश बगौली एवं दिलीप जावलकर ने ठेकेदारों के सभी सुझाव को सुने एवं उनकी मांगों को लिखित रूप में लिया। अधिकारियों द्वारा सभी ठेकेदारों की बातें सुनी एवं उन पर विचार करने की बात संगठन को कही गई, जिससे देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर की। संगठन द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं उसे नई नियमावली में पुनः संशोधन कर लाई जाएगी।

देवभूमि जल शक्ति कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा ठ एसोसिएशन द्वारा अवगत कारया गया की साशन द्वारा जारी की गई नई ई-टेंडर नियमावली एसबीडी में सुधार के लिए एसोसिएशन ने जो मांग सरकार से रखी थी उस पर शासन द्वारा अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक शासन में बुलाई गई एवं सभी की बातो को सूना गया। उसी क्रम में उत्तराखंड पेयजल निगम ने 30 अगस्त को मुखयालय मे बुला कर समस्या सुनी और लिखित में ली। बैठक में सचिन मित्तल सुनील गुप्ता, सौरभ गोयल के अलावा इस्थानीय कॉन्ट्रेटर एसोसिएशनके सतेंद्र भंडारी (अध्यक्ष) एवं अन्य पदाधिकारी विजेंद्र विष्ट, यश पाल चौहान, सकलानंद लखेड़ा, संदीप मित्तल, जे पी अग्रवाल मौजूद रहे।

## वूमेन बेसिक व्हाइट वॉटर कयाकिंग प्रशिक्षण का समापन

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् की और से टिहरी झील, नई टिहरी में आयोजित 14 दिवसीय वूमेन बेसिक व्हाइट वॉटर कयाकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 अगस्त 2025 से प्रारंभ हुआ था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी टिहरी की और से किया गया था, कार्यक्रम में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस व पर्यटन मुख्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 19 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वीमिंग, बोट बैलेंसिंग व स्कीमोरोल पैडलिंग से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये कुल 4 प्रशिक्षकों को रखा गया, जिनमें से 1 महिला प्रशिक्षक भी शामिल थीं, जो महिलाओं को प्रेरित करने में विशेष रूप से सहायक रहीं। उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग का यह प्रयास राज्य में महिला सशक्तिकरण तथा एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सरकारी खजाने पर धोखाधड़ी करने वालों का पड़ा पंजा

## कैंट थाना क्षेत्र स्थित यूको बैंक से धोखाधड़ी कर करोड़ों का कराया लोन पास, बैंक मैनेजर व कुछ् स्टाफ की भूमिका संदिग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जहां एक तरफ साइबर ठगी का जाल देश भर में फैलता जा रहा है। वही धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड अपनी चालाकी के चलते बैंक को भी चूना लगाने में झूठे हैं। कुछ वर्ष पूर्व कैंट थाना क्षेत्र स्थित सरकारी बैंक यूको से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कुछ लोगों ने एक करोड़ रुपयो से ऊपर का लोन पास करा कर बैंक को चूना लगा दिया है। जब लोन की रिकवरी को लेकर बैंक कर्मचारी इस मामले में जुटे तो पता चला कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अलग-अलग कंपनियों के नाम से लोन पास कराया था जिसे वसूल करना अब बैंक के लिए मुसीबत बनता जा रहा है।



आरबीआई के निर्देशानुसार जब इस मामले में जांच पड़ताल की गई तो लोन को लेकर हुए गोलमाल के चलते पर्दाफाश हुआ। इस प्रकरण को लेकर वर्तमान बैंक मैनेजर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। यूको बैंक गढ़ी कैंट शाखा देहरादून शाखा प्रबंधक अॉ. कता मिश्रा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि कोलागढ़ निवासी सोम सिंह पुत्र सदाराम ने वर्ष 2022 में 10 लाख रुपए का एक कंपनी के नाम लोन कराया था। जब बैंक में लोन की किस्तों के लिए तकाजा किया तो कंपनी का मालिक टाल मटोल करने लगा। बैंक द्वारा कराए गए जांच में पता चला कि जिस कंपनी के नाम लोन कराया है। उस कंपनी के कुछ दस्तावेज फर्जी हैं। यही नहीं इसी तरह से उक्त आरोपी ने कई लोन पास कराये और तत्काल बैंक मैनेजर सभी लोन बिना जांच पड़ताल के पास करते गए। जिससे बैंक को काफी चूना लग गया। बताया गया है कि पिछले 3 वर्षों में अलग-अलग एड्रेस पर एक करोड़ से ऊपर के रूपयो के 17 लोन पास हुए हैं। वहीं दूसरी और सूत्रों की माने तो यूको बैंक के तत्काल मैनेजर सहित कुछ स्टाफ के लोगों की बैंक लोन पास करने में भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि आरबीआई अपने स्तर पर बैंक के ऐसे करप्ट लोगों को लेकर जांच पड़ताल करने में जुटा है। यह बात अलग है कि ऐसे कर्मचारियों पर अभी तक कोई आरबीआई की तरफ से कार्यवाही नहीं की गई। इस प्रकरण की जांच कर रहे क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**देहरादून।** भारतीय किसान यूनियन डब्ल्यू एफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. लाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंप की कई मांगे उठाई। कहा कि नगर निगम की और से सभी पार्षदों व मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में एक बैठक का आयोजन किया गया जो निर्णय बैठक के बाद नगर निगम की और से जनसूचनार्थ प्रस्तावित किया उसे हम सहर्ष स्वीकारते है, मगर कई ऐसे बिन्दु हैं जो केवल पशु प्रेमी ही समझ सकते हैं। कहा कि निजी पशु प्रेमी या संस्थान को बैठक में अपना पक्ष रखने के लिये बैठक में सम्मिलित नहीं किया गया। वही, कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय है कि जो फिडिंग प्वायंट है उसे फीडर चिन्हित करेंगे और नगर निगम को सूचना देंगे। नगर निगम की और से वहां मौके का मुआयना किया जायेगा और वहां एक सूचनापत्र लगाया जायेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि पशु के सुरक्षित होने का आश्वासन नगर निगम को देना होगा। जो फीडर है उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी निगम की होगी। सडको पर आवारा पशुओं से आम जनमानस को बहुत दिक्कत होती है।

# नगर आयुक्त ने ऐतिहासिक टाउन हॉल किया का निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल ने नगर निगम के ऐतिहासिक टाउन हॉल (जुगमंदर हॉल) का निरीक्षण किया गया। यह भवन नगर निगम की धरोहर के रूप में जाना जाता है और वर्षों से नगर के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों का केंद्र रहा है।

वर्तमान में टाउन हॉल में मेंटेनेंस, एस्थेटिक एन्हांसमेंट का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्य का उद्देश्य हॉल की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान करना है, ताकि यह स्थल और भी आकर्षक, सुरक्षित तथा बहुउद्देशीय रूप से उपयोगी बन सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएँ। नगर आयुक्त ने कहा कि यह भवन केवल नगर निगम की ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण देहरादून नगर की धरोहर है, इसलिए इसके सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम की यह पहल शहरवासियों को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं सांस्कृतिक पहचान से युक्त टाउन हॉल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात यह स्थल पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों एवं नगर निगम की बैठकों के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में और भी गरिमा प्राप्त करेगा।

# ओएनजीसी ने डीबीएस को 180 सेट फर्नीचर दिये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सामाजिक सरोकार के तहत ओएनजीसी ने डीबीएस (पीजी) कॉलेज को सीएसआर मद के तहत 180 सेट फर्नीचर (मेज बैंच), 10 कंप्यूटर सेट व 10 कंप्यूटर मेज कुर्सी सोमवार को प्रदान किये। डीबीएस पीजी कॉलेज के सभागार में आयोजित एक सादे आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि ओएनजीसी के प्रधान मानव संसाधन सेवाएं नीरज कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक/इंचार्ज सीएसआर चंदन सुशील साजन व प्रबंधक अरुण कुमार मल्होत्रा ने उक्त सभी सामान विधिवत् रुप में कॉलेज उप प्रधानाचार्य डॉ. अनिल पॉल के सुपुर्द किया।

इस मौके पर एचसीए नीरज कुमार शर्मा ने ओएनजीसी के वित्तीय सहयोग से तैयार कंप्यूटर लैब का रेवन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर डीबीएस पीजी कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. अनिल पाल, समृद्ध मिशन सोसाइटी के सलाहकार विनोद डोभाल व समाज सेवी एल मोहन लखेड़ा, समृद्ध मिशन सोसाइटी के सचिव सुभाष चन्द्र सकलानी, डीबीएस कॉलेज के डॉ. अटल विहारी वाजपेयी, डॉ. जे.पी. गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. गौरांग, विरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# जलभराव की समस्या पर डीएम सख्त, सिंचाई एवं राजस्व विभाग को दिए त्वरित जल निकासी के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अहमदपुर ग्रांट एवं उत्तम डिस्टिलरी, सहदेवपुर गांव में लगातार हो रहे जलभराव से ग्रामीणों और किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों और आसपास की कॉलोनियों में जमा पानी की समस्या को लेकर सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का पानी खेतों व घरों में भरने से खेतीबाड़ी व जनजीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी हरिद्वार, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने अवगत कराया कि क्षेत्र में एक नाला सिंचाई विभाग और दो नाले राजस्व विभाग के अधीन हैं, जिनके माध्यम से जल निकासी संभव है।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के अधीन नाले को तत्काल दुरुस्त किया जाए और राजस्व विभाग के अधीन नालों की सफाई शीघ्र कराई जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान जरूरी है, जिसके लिए सिंचाई विभाग द्वारा विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त दीपेन्द्र सिंह नेगी, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक आर. सेठ, उपजिलाधिकारी हरिद्वार जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि आवश्यक कार्यवाही तत्परता से कर ग्रामीणों को राहत दिलाई जाएगी।

# गुलदार ने बछड़े को बनाया निवाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में बीती रात गुलदार गाय के बछड़े को उठा ले गया, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिससे गांव के हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुचे वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को गस्त बढ़ाने का अस्वासन दिया है। सोमवार बीतीरात को गांव इब्राहिमपुर में लख्मीचंद के घेर से गुलदार एक गाय के बछड़े को उठा ले गया। जिससे गांव में हड़कंप मच गया,घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसकी सूचना वन प्रभाग को दी। वन प्रभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को रात्रि में गशत बढ़ाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार बछड़े को गांव के नजदीक एक खेत मे लेजाकर अपना निवाला बनाया। इस घटना से ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो रहा है।




वन विभाग के रेंजर शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि गुलदार ने एक बछड़े को अपना निवाला बनाया है। जिसका निरक्षण कराया गया है। पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाया जायेगा, जिनकी रिपोर्ट बनाकर विभाग भेजी गई है। आलाधिकारियों का आदेश हुआ तो गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया जायेगा, अभी गस्त बढ़ाया जा रहा है।

# बैंक एवं ज्वेलरी शॉप पर हरिद्वार पुलिस की लगातार सतर्क निगरानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंन्द्र सिह डोबाल द्वारा जनपद के समस्त थाना कोतवाली प्रभारियों को बैंक ज्वेलरी शॉप एवं अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। इस दौरान दुकानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया एवं ज्वैलरी शॉप संचालकों के संपर्क नंबर एकत्र भी किए तथा पुलिस व व्यापारियों के बीच आपसी तालमेल स्थापित कर सतर्कता को बढ़ाना जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। ताकि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।



# रेड अलर्ट के बाद आपदा प्रबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने दिए अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में अलर्ट रहने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट एवं भारी वर्षा के मद्देनजर जनपद में जलभराव की स्थिति एवं किसी घटना से निपटने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील सभागार लक्सर में जिला आपदा प्रबंधन के बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि तहसील लक्सर जलभराव की दृष्टिगत सर्वेदनशील है इसके लिए यह जरूरी है कि यदि भारी वर्षा के कारण किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो जलनिकासी के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जलनिकास का कार्य त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि भारी वर्षा के कारण यदि कोई परिसंपत्ति एवं परियोजना क्षतिग्रस्त होती है तो उसका तत्काल आंकलन करते हुए आंकलन प्रस्ताव फोटोग्राफ सहित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को उपलब्ध करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति एवं कोई घटना गठित होने पर इसकी सूचना तत्काल जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के कंट्रोल रूम एवं बाढ़ चौकियों के कंट्रोल रूम में तत्काल सूचना उपलब्ध करना सुनिश्चित करे ताकि तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जा सके।



उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जलभराव के स्थिति एवं कोई घटना गठित होने पर लोगों को बनाए जाए राहत शिविर में पहुंचने की कार्यवाही सुनाश्चित की जाए इसके लिए उन्होंने सभी राहत शिवरों में खाद्य सामग्री, बिस्तर, पानी, विद्युत एवं शौचालय की व्यवस्था भी सुनाश्चित होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग,जल् संस्थान एवं पेयजल निगम को निर्देश दिए है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल विद्युत व्यवस्था सुचारू की जाए क्षेत्र में फील्ड कर्मचारियों से झूलती तारों का भी निरीक्षण किया जाए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को कहा कि कोई भी पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने पर पेयजल आपूर्ति तत्काल सुचारू कराई जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, तहसीलदार लक्सर, सीओ लक्सर नताशा सिंह, डीएसओ तेजबल सिंह, एसीएमओ डा. अनिल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिआरी अतुल प्रताप सिंह, एनडीआरएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल देवेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी विमल कुमार, तहसीलदार लक्सर प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# युवती ने फांसी लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के राजलोक विहार कॉलोनी में शनिवार देर शाम एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही बाजार चौकी प्रभारी अमित नौटियाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने वैशाली को पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे भूमानंद हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा। एसएसआई प्रदीप राठौर ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# ईष्ट देवताओं का रूप धरण कर फिल्मी गानों पर नाचने वालों पर लगाया जाए प्रतिबंध : कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखण्ड परशुराम अखाड़ा ने ईष्ट देवताओं का रूप धारण कर फिल्मी गानों पर नाचने वालों पर प्रतिबंध लगाने की मांग शासन प्रशान से की। जल्द ही इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इसका विरोध किया जाएगा। अखाड़ा के पदाधिकारियों के माध्यम से मंदिरों में पोस्टर बैनर के माध्यम से जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान श्री अखण्ड परशुराम अखाड़ा के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि ईष्ट देवताओं का स्वरूप धारण कर धार्मिक मंचों पर प्रदर्शन करना बहुत गलत है। वर्तमान समय में जिस प्रकार त्यौहारों पर सार्वजनिक शोभा यात्राओं जागरण एवं भजन संध्याओं में ईष्ट देव का स्वरूप धारण कर नृत्य कराया जाता है। धार्मिक भावनाओं को आहत हो रही है। युवाओं एवं बच्चों में ईष्ट देवताओं के प्रति कहीं न कहीं असम्मान की भावना उत्पन्न होती है। जो आगे चलकर कर समाज में विकृत मानसिकता को जन्म देती है। पंडित अधीर कौशिक ने समाज से भी जागरूक रहनें की अपील की है। श्री अखण्ड परशुराम अखाड़ा के संरक्षक बाबा हठयोगी ने कहा कि ऐसी भी जानकारियां मिल रही है कि सार्वजनिक शोभा यात्राओं, जागरण और भजन संध्याओं में ईष्ट देवताओं का स्वरूप धारण कर नशे में नृत्य किया जाता है। कहा कि यदि ऐसा हो रहा है तो यह बड़े दुर्भाग्य का विषय है। आयोजकों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। आयोजक जिस आस्था, श्रृद्धा और विश्वास से जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सार्वजनिक शोभा यात्राओं, जागरण एवं भजन संध्याओं का आयोजन करते है ऐसे नृत्य करने से उनका उद्देश्य कितना सफल होता होगा यह समझा जा सकता है। उन्होने कहा कि यदि ईष्ट देवाताओं का अपमान बंद नहीं किया जाता तो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली ऐसी घटनाओं पर कानूनी कार्यवाही कराने को बाध्य होंगे। जो व्यक्ति, संस्थायें इस प्रकार के आयोजन कराती है उन्हें आयोजन से पूर्व इन बातों को संज्ञान में ले लेना चाहिए। जिससे किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके। पत्रकार वार्ता में महंत स्वामी विश्वानंद पुरी, भगवाताचार्य पंडित पवनकृष्ण शास्त्री, राजवीर शर्मा, कुलदीप शर्मा, पवन त्यागी, आचार्य विष्णु शास्त्री, कुलदीप कृष्ण चौहान, ब्रजमोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।




# पतंजलि का सेना के साथ ऐतिहासिक अनुबंध, 60 लाख भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार को मिलेगा नि:शुल्क उपचार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिये भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग तथा पतंजलि योगग्राम के मध्य ऐतिहासिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का नि:शुल्क उपचार अब पतंजलि में हो सकेगा। इस अनुबंध के तहत भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजनों पर योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी में होने वाले उपचार खर्च की कोई सीमा नहीं होगी। वे नि:शुल्क उपचार करा सकेंगे। इससे करीब 60 लाख भूतपूर्व सैनिक और परिवार लाभान्वित होंगे। भारतीय सेना के विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित और उत्तराखंड सब एरिया (जेओसी) के मेजर जनरल एमपीएस गिल और स्वामी रामदेव ने एमओयू पर हस्ताक्षर के उपरांत फाइलों का आदान-प्रदान किया।कार्यक्रम का सफल संयोजन डा. संगीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में वी.एस.एम. जी.ओ.सी., उत्तराखण्ड सबएरिया; बिग्रेडियर परिक्षित सिंह कमाण्डेंट मिलिट्री हॉस्पिटल, देहरादून; बिग्रेडियर जी.एस. भाटिया कमाण्डेंट मिलिट्री हॉस्पिटल, रुड़की; बिग्रेडियर के.पी. सिंह कमाण्डेंट बी.ई.जी. एण्ड सेन्टर, रुड़की; कर्नल एम.एस. बिष्ट, ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, भाई राकेश कुमार सहित पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध इकाईयों के समस्त सेवाप्रमुख एवं विभागप्रमुख; बी.एन.वाई.एस. पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।



# खटीमा, मसूरी के शहीद राज्य आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति रजिस्टर्ड परिवार के सदस्यों ने प्रेम नगर स्थित अग्रसेन घाट पर एकत्रित होकर उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन की लड़ाई में वर्ष 1994 तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार की वीभत्स पुलिसिया कार्रवाई में अलग उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों पर हुई पुलिस गोलीबारी में जिला उधमसिंह नगर खटीमा में एक सितंबर को सात राज्य आंदोलनकारी व मसूरी देहरादून में 2 सितंबर को 6 राज्य आंदोलनकारी शहीद को वीरगति को प्राप्त हुए थे। वीभत्स हादसे को याद करते हुए राज्य आंदोलनकारियों की रुह कांप जाती है। उन शहिद आंदोलनकारियों की शहादत को याद करते हुए ओर उत्तराखंड में आ रही प्राकृतिक आपदाओं में धराली व थराली तथा मनसा देवी मंदिर आदि प्राकृतिक आपदाओं में अपनी जान गवाने वालों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर गंगा तट पर दीपदान कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर समिति के जिला अध्यक्ष सूर्य कांत भट्ट, राज्य आंदोलनकारी नेत्री कमला पांडे, सरिता पुरोहित, विमला नैनवाल, रामप्रसाद जखमोला, राजेश गुप्ता, नत्थी लाल जुयाल, आनंद सिंह नेगी, रोहित प्रताप सिंह, आरएस मनराल, विनोद डंडरियाल, जयप्रकाश मलकोटी, भीमसेन रावत मौजूद रहे।

## एनयूजेआई हरिद्वार की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न

# नरेश गुप्ता अध्यक्ष एवं संदीप रावत चुने गए महामंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देश में पत्रकारों की सबसे बड़ी संस्था नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया की हरिद्वार इकाई के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। वरिष्ठ पत्रकार नरेश गुप्ता को हरिद्वार इकाई का जिलाध्यक्ष और संदीप रावत को जिला महासचिव चुना गया है। दोनों नव निर्वाचित पदाधिकारीयों ने सभी साथियों को साथ लेकर पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा मिलजुल कर सभी के हित में काम करने का संकल्प दोहराया। निवर्तमान अध्यक्ष आदेश त्यागी की अध्यक्षता और महासचिव डॉ. शिवा अग्रवाल के संचालन में प्रेस क्लब सभागार में संपन्न हुई। महासभा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे ने अध्यक्ष पद पर नरेश गुप्ता तथा जिला महामंत्री के रूप में संदीप रावत के नाम की घोषणा की तो सभी ने ध्वनि मत से नए पदाधिकारियो का स्वागत किया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियो का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इससे पहले बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी ने बैठक के आयोजन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष पूर्व जिन उद्देश्यों को लेकर उन्होंने जिला महामंत्री डा. शिवा अग्रवाल के साथ अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी आज गर्व के साथ कहना पड़ रहा है कि सभी साथियों से मिले सहयोग के चलते संगठन को चलाने में सफल रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताई और कहा कि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी आयोजन किया जो पूरी तरह सफल रहे। डॉ. शिवा अग्रवाल तथा यूनियन के किसी भी सदस्य को जो भी जिम्मेदारी सोपी या किसी काम के लिए अपेक्षा की तो सभी ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नरेश गुप्ता और संदीप रावत को भी यूनियन के सभी साथियों का इसी तरह सहयोग मिलेगा। डा. शिवा अग्रवाल ने दो साल के दौरान किए गए कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने कहा कि वह सभी साथियों को साथ लेकर चलेंगे और संगठन में पत्रकारिता को लेकर रचनात्मक कार्य करेंगे। पत्रकारों के हितों को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडे, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, गुलशन नैय्यर, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा, सुभाष कपिल, राजेंद्र नाथ गोस्वामी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक नौटियाल, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ रजनीकांत शुक्ला, राहुल वर्मा, काशीराम सैनी, प्रदीप गर्ग. सचिन सैनी, डा. धूम सिंह सैनी, शमशेर बहादुर बम, बालकृष्ण शास्त्री, राजेश शर्मा, जयपाल सिंह, राव रियासत पुंडीर, प्रतिभा वर्मा, नीलम सैनी जोगिंदर मावी, संजीव शर्मा, आशीष धीमान पुलकित शुक्ला, नितिन राणा, अनिल कुमार, रविंदर पाल सिंह, गौरव कश्यप, कृष्ण पाल चौहान समेत बड़ी संख्या में पत्रकारों मैं दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।



**सूचना ( खोया-पाया )**

मेरा ड्राईविंग लाईसेंस जिसका डी.एल. संख्या - यू0के0 0820140131618 है। जिसमे मेरा अंग्रेजी में स्पेस के साथ Shankar Lal Choudhary अंकित है। जो कि गलत है। मेरा आधार कार्ड सं0 6433 7432 5320 है, जिसमें मेरा नाम अंग्रेजी में बिना स्पेस के Shankarlal Choudhary अंकित है। जो कि सही है। शंकरलाल चौधरी पुत्र केसाराम चौधरी, निवासी टी-110, शिवालिकनगर, भेल, रानीपुर, हरिद्वार।

# भगवान श्रीचंद्र के 531वें अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सोनीपत के सांसद और नगर पालिका हरिद्वार के पूर्व अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में उदासीन संप्रदाय से जुड़े हुए श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन का महत्वपूर्ण योगदान हैं। जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। सतपाल ब्रह्मचारी कनखल में अखाड़े में आयोजित भगवान श्रीचंद्र की जयंती समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। इस अखाड़ा की स्थापना 1825 ईस्वी बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त के दिन हरिद्वार हरकी पैड़ी में निर्माण बाबा प्रीतम दास महाराज ने की थी। इस अखाड़ा के इष्ट और पथ प्रदर्शक और आचार्य श्री गुरु नानक देव के जेष्ठ पुत्र श्री चंद्र भगवान हैं। उनका 531वां अवतरण आज कनखल राजघाट स्थित श्री पंचायती उदासीन बड़ा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अखाड़ा में हवन किया गया। इसके उपरांत श्री चंद्राचार्य चौक रानीपुर में भगवान श्रीचंद्र के विग्रह में पूजन किया गया। इस अवसर पर अखाड़े के कोठारी महंत राघवेंद्र दास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीचंद्र ने सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। उन्होंने समाज में व्याप्त सामाजिक विषमताओं को दूर किया। इस अवसर पर अखाड़ा के कारोबारी महंत गोविंद दास ने कहा कि उदासीन का अर्थ ब्रह्मा में आसीन यानी समाधिस्थ होना है। यह अखाड़ा सनातन धर्म की परंपराओं का पालन करता है। कारोबारी महंत सूर्यांश मुनि ने कहा कि भगवान श्रीचंद्र के द्वारा समाज की एकता और अखंडता के लिए जातिवाद, क्षेत्रवाद, छुआछूत के खिलाफ अलख जगाई गई थी। उन्होंने सामाजिक समरसता के लिए समाज के सभी वर्गों जातियां और विभिन्न समुदाय के लोगों को एक कर उदासीन संप्रदाय में सम्मिलित किया और गांव-गांव जाकर अपना संदेश सुनाया, जिससे उनका प्रभाव अत्यंत बढ़ गया। मुकामी महंत दामोदर शरण दास ने कहा कि उनके विचारों का प्रचार प्रसार संत समाज लगातार कर रहा है। उनके बताए गए मार्गो का अनुसरण कर समाज में एकता अखंडता बनाए रखे समाज सेवा के कार्यो में योगदान करते रहे। महामंडलेश्वर स्वामी हरि चेतनानंद ने कहा कि श्री पंचायती उदासीन बड़ा अखाड़ा भगवान श्रीचंद्र के विचारों का प्रचार प्रसार करता है, वहीं अखाड़ा सनातन धर्म की प्रतिपादित पंचदेव पूजा का भी अनुसरण करता है और उसका प्रचार करता है। धार्मिक मान्यताओं और आध्यात्मिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह भी करता है। इस अवसर पर अखाड़ा के महंत हनुमान दास कारोबारी, महंत भक्त रामदास, महंत मंगल दास, महंत दामोदर शरण, महंत जयेंद्र मुनि, महंत निरंजन दास, महंत प्रेमदास, महंत सेवा दास, महंत विष्णु दास, महंत केवल्यानंद, महंत मुरलीदास, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंचायती श्री महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव महंत स्वामी रवींद्रपुरी, पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रामरतन गिरी, श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री, श्री निर्मल संतपुरा के अध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री, विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पतंजलि मेगा फूड पार्क के सीएमडी राम भरत, अखिलेश शिवपुरी, समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा, भाजपा नेता प्रमोद कुमार शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, भगवत शरण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# शांतिकुंज में पांच दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में सोमवार से पांच दिवसीय कन्या-किशोर कौशल प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। महिला मंडल की प्रमुख शैफाली पण्ड्या एवं ओडिसा जोन के भाइयों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण शिविर में ओडिशा प्रांत से आए 200 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान कुल 22 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महिला मंडल की प्रमुख शैफाली पण्ड्या ने कहा कि नारी ममता, त्याग व सहानुभूति की प्रतिमूर्ति है। समाज में उसकी भूमिका केवल एक परिवार तक सीमित नहीं, अपितु पूरे समाज के निर्माण में है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज में संस्कारित पीढ़ी के निर्माण हेतु स्वयं को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि आज की कन्याओं और किशोरों को स्वयं के प्रति जागरूक होना चाहिए और अपनी प्रतिभा को निखारने की दिशा में सक्रिय प्रयास करने चाहिए। उन्होंने जीवन मूल्यों एवं आत्म-रक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

शिविर समन्वयक के अनुसार आगामी सत्रों में प्रतिभागियों को सनातन संस्कृति, व्यक्तित्व विकास, जीवन शैली, मानसिक स्वास्थ्य तथा आत्म-सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक व सैद्धांतिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर कन्या-किशोरों को जीवन के विविध पक्षों में दक्ष बनाकर उन्हें आदर्श प्रशिक्षक के रूप में तैयार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर शांतिकुंज महिला मण्डल की बहिनों सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर दर्दनाक हादसा, दो की मौके पर मौत

**सोनप्रयाग-मुनकटिया के बीच मार्ग पर गिरे बड़े-बड़े बोल्डर, चपेट में आया बोलेरो वाहन, वाहन में सवार अन्य तीन व्यक्ति गंभीर घायल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग के मुनकटिया में दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में दो तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करते हुए घटना में घायल हुए लोगों को समय से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

सुबह सुबह लगभग साढ़े सात बजे केदारनाथ यात्रा मार्ग के मुनकटिया में एक बोलेरो वाहन संख्या यूके।। टीए 1100 के ऊपर अचानक मलवा और बोल्डर गिर गए। वाहन में आठ लोग सवार थे। हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल तथा अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार को लेकर सोनप्रयाग लाया गया। गंभीर घायलों को यहां से रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। फाटा, सोनप्रयाग एवं गुप्तकाशी से कुल चार एंबुलेंस मौके पर सक्रिय की गईं। सभी सामान्य घायलों का उपचार एमआरपी सोनप्रयाग में डॉ प्रियंका, डॉ गौरव एवं डॉ जयदीप अपनी टीम के साथ कर रहे हैं। गंभीर घायलों एवं मृतकों को आवश्यक कार्यवाही उपरांत जिला चिकित्सालय भेजा गया।

बोलेरो वाहन में घायल व्यक्ति
1. मोहित चौहान पुत्र उपेन्द्र चौहान
2. नवीन सिंह रावत पुत्र जयेन्द्र सिंह रावत, उम्र 35 वर्ष, पता - बड़कोट, उत्तरकाशी (गंभीर घायल)
3. प्रतिभा पुत्री गिरवीर सिंह, उम्र 25 वर्ष, पता - बड़कोट, उत्तरकाशी (गंभीर घायल)
4. ममता पुत्री चेन सिंह, उम्र 35 वर्ष, पता - बड़कोट, उत्तरकाशी (गंभीर घायल)
5. राजेश्वरी पत्नी नवीन, उम्र 35 वर्ष, पता - उत्तरकाशी
6. पंकज पुत्र हुकम सिंह, उम्र 24 वर्ष, पता - कोकमल्ला, नंदानगर, चमोली (वाहन चालक)

मृतक व्यक्तियों का विवरण-
1. रीता पत्नी उदय सिंह, उम्र 30 वर्ष, पता -बड़कोट, उत्तरकाशी
2. चन्द्र सिंह पुत्र कलम सिंह, उम्र 68 वर्ष, पता - बड़कोट, उत्तरकाशी

# राहुल गांधी का पुतला फूंकने पर भाजपाइयों की बुद्धि पर आता है तरसः कांग्रेस

**राहुल ने प्रधानमंत्री के फैसलों की आलोचना की है न कि व्यक्तिगत टिप्पणी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड में भाजपा बौखला गई है क्योंकि उसे लग रहा है कि बिहार उसके हाथ से जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा भाजपा कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी का पुतला फूंकने पर उनकी बुद्धि पर तरस आता है, गाली देने वाला कांग्रेस का कार्यकर्ता नहीं है दूसरी बात राहुल गांधी ने कभी भी प्रधानमंत्री के लिए और नहीं उनकी दिवंगत माता के लिए कभी भी गलत शब्दों का प्रयोग नहीं किया बल्कि प्रधानमंत्री रहते हुए मोदी के फैसलों की राहुल गांधी ने आलोचना की है कभी भी उनके ऊपर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की।

विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा राहुल गांधी की माता सोनिया गांधी जी को भारी मंचों से अपशब्द कहे हैं जो सभी को मालूम है।

कहा असल में भाजपा की बिहार में हार निश्चित है जिसके कारण भाजपा फर्जी मुद्दों का हवा देकर अपनी जमीन बचाने की नामुमकिन कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा कार्यकर्ताओं से पूछना चाहते हैं उस दिन भाजपाई कौन से बिल में छुप गए थे जिस दिन उत्तराखंड का एक नौजवान भाजपा नेता हिमांशु चमोली की अत्याचार से पीड़ित होकर आत्महत्या कर रहा था, एक भाजपा नेत्री द्वारा हरिद्वार में अपनी ही बेटी का यौन शोषण कराया गया, भाजपा उस व्यक्ति का नाम क्यों उजागर नहीं करती जिसके कारण बेटी अंकिता भंडारी की हत्या की गई उन लोगों का पुतला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने क्यों नहीं जलाया।

विकास शर्मा ने कहा आज देहरादून शहर सबसे असुरक्षित शहरों में शामिल हो गया है उसके लिए भाजपा क्या कर रही है, कहा आने वाले दिनों में भाजपा को जनता जवाब देगी।

## कृषि सहायकों के प्रतिनिधि मंडल ने विभागीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके कैंप कार्यालय में कृषि विभाग में कार्यरत कृषि सहायकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल द्वारा उत्तराखण्ड की सभी 670 न्याय पंचायतों में तैनात कृषि सहायक कर्मचारियों का मानदेय वृद्धि के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधि मंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर कुशाल सेमवाल, ललित सिंह, कलावती, संगीता नौटियाल, प्रकाश राणा, बबलू शर्मा, सुभाष तोमर, कुलदीप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# धंसने में लगा है बाबा केदार का शीतकालीन गद्दीस्थल

**उप जिलाधिकारी से लगाई त्वरित कार्यवाही की गुहार, भविष्य में हो सकता है कोई बड़ा हादसा, समय से सुरक्षा की मांग,**



मंदिर को जोड़ने वाला मार्ग धंस रहा है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल को जोड़ने वाला मार्ग धंसने में लगा हुआ है। हर बरसाती सीजन में मार्ग के धंसने से भविष्य के लिए बड़ा खतरा भी पैदा हो गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने उप जिलाधिकारी से मामले में त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

केदारघाटी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। यहां बाबा केदारनाथ की शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर को जोड़ने वाला मार्ग धंस रहा है। मंदिर से कुछ दूरी पर ही भूधंसाव हो रहा है, जो भविष्य के लिए मंदिर के साथ ही आस-पास की बस्ती को भी बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। मार्ग के जगह-जगह धंसने से आवाजाही बाधित हो गयी है। स्थानीय लोगों ने उप जिलाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए ओंकारेश्वर मंदिर के अगल-बगल हो रहे भू-धंसाव के बारे में सही ढंग से जानकारी दी। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट ने कहा कि ओंकारेश्वर मंदिर के निकट बाजार में स्थित गदेरे के एक तरफ सुरक्षा दीवार ना होने के कारण लगातार गदेरे में कटाव के कारण मंदिर मार्ग भूधंसाव की चपेट में आ गया है।

इस सड़क मार्ग पर नीचे गदेरे के दूसरे तरफ कोई भी सुरक्षात्मक दीवार ना होने के कारण लगातार धंसाव की स्थिति बनी हुई है तथा भविष्य में ओंकारेश्वर मंदिर मार्ग, राजकीय इंटर कॉलेज का भवन व कई आवासीय भवनों को धंसाव से भारी नुकसान हो सकता है तथा दूसरी ओर मंदिर मार्ग बाजार के गदेरे के ऊपरी छोर पर स्थित सार्वजनिक शौचालय के भवन पर भी मोटी दरारें पड़ने से शौचालय खतरे की जद में आ चुका है। साथ ही मंदिर पैदल मार्ग भी जगह-जगह धंसने व रास्तों में दरारें पड़ने से ओंकारेश्वर मंदिर पैदल मार्ग कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। भट्ट ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा कि ओंकारेश्वर मंदिर के निकट बाजार गदेरे से नीचे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ तक गदेरे के दूसरी छोर तक सुरक्षात्मक दीवार लगाई जाए और मंदिर बाजार गदेरे के ऊपरी छोर पर सुलभ शौचालय व क्षतिग्रस्त मंदिर पैदल मार्ग पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। मामलों में उप जिलाधिकारी ऊखीमठ ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करने को आदेशित किया है। ज्ञापन में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, किमाणा उप प्रमुख ऊखीमठ प्रदीप त्रिवेदी, वन सरपंच ऊखीमठ पवन राणा, महिला मंगल अध्यक्ष आरती शैव, पूर्व सभासद बलवंत रावत आदि थे।

## सीएम और प्रभारी मंत्री को बताई रुद्रप्रयाग की वस्तुस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मची तबाही से ग्रामीण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हंसते-खेलते गांव उजड़ गए हैं। लोग अपनों को खोने के गम से नहीं निकल पा रहे हैं। उनकी आंखों के सामने वो खौफनाक मंजर बार-बार नजर आ रहा है। ऐसे में सरकार और शासन-प्रशासन भी आपदाग्रस्त प्रभावित इलाकों में रहकर पीड़ितों के इस दुखदर्द को कम करना का काम कर रहे है, जिससे प्रभावितों को भी राहत मिल रही है।

प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा से भेंट कर उन्हें जनपद की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की मार से जनपद अलग-थलग सा पड़ गया है। रुद्रप्रयाग के ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण भयक्रांत होने के साथ ही सरकार और शासन-प्रशासन से उम्मीदें लगाई बैठे नजर आ रहे हैं। उनकी उम्मीदों का प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहारा बन रहे हैं। प्रभावितों की हरसंभव मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू टीमें प्रभावितों के दर्द को समझते हुए धरातल पर कार्य कर रही हैं। पूरी मुस्तैदी के साथ आपदा टीमें प्रभावितों के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। उन्होंने आपदाग्रस्त इलाकों का भ्रमण करने के दौरान प्रभावित 45 ग्रामों की सूची प्रशासन को प्रेषित की गई है। इन ग्रामों में आपदा से गंभीर क्षति की सूचना प्राप्त हुई है, जिसकी पुष्टि स्थानीय प्रशासन ने भी की है।

# घटना के बाद जागा प्रशासन, रोकी केदारनाथ यात्रा

**भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा पर लगाई अस्थायी रोक, केदारनाथ धाम आ रहे यात्रियों सहित जनपद में निवासरत जनमानस से अपील, बारिश के इस मौसम में अनावश्यक सफर करने से बचें**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सोमवार सुबह के समय केदारनाथ यात्रा मार्ग के मुनकटिया में बोलेरो वाहन हादसा होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और केदारनाथ यात्रा पर अस्थायी रोक लगा दी। इसके अलावा केदारनाथ हाईवे भी बांसवाड़ा और काकड़ा गाड़ में बार-बार बाधित होने में लगा है। यहां पहाड़ियों से मलवा गिरने का सिलसिला लगातार जारी है। जनपद में हो रही लगातार बारिश और मौसम विभाग द्वारा अगले तीन दिनों तक भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा पांच सितम्बर तक अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

सोमवार सुबह मुनकटिया के पास हुई दुःखद घटना के साथ केदारनाथ हाईवे कई स्थानों पर बाधित होने में लगा रहा। विशेषकर बांसवाड़ा के पास स्थित स्लाइडिंग जोन क्षेत्र में मार्ग के खुलने व बन्द होने की आंख मिचौली चलती रही। मार्ग के बार-बार बाधित होने से आवागमन में काफी दिक्कतें हुईं। ऐसे में क्षेत्र में वाहन फंस रहे थे। जबकि काकड़ागाड़, डोलिया देवी सहित अन्य भूस्खलन क्षेत्र भी काफी खतरनाक बने हुए हैं। केदारनाथ यात्रा पर अस्थायी रोक लगाये जाने के बाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग मनोज नेगी के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय स्थित चौकी जवाड़ी बाईपास पर पहुंच रहे यात्री वाहनों को केदारनाथ की ओर नहीं जाने दिया गया। यात्रियों को जनपद मुख्यालय में ही रुकने और वापस जाने को कहा गया। हालांकि सम्पूर्ण उत्तराखण्ड सहित जनपद क्षेत्रान्तर्गत निरन्तर बारिश हो रही है तथा कहीं पर भी पहाड़ी दरकने, भूस्खलन होने की घटना घटित हो सकती है। ऐसे में सभी से आग्रह किया गया कि कि गैर जरूरी यात्रा करने से बचें तथा मौसम साफ होने तक सुरक्षित स्थानों पर ही रुके रहें।

जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी दी कि मौसम केंद्र देहरादून द्वारा क्षेत्र में आगामी तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि यह निर्णय पूरी तरह से यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से लिया गया है। जिलाधिकारी ने यात्रियों से अपील की कि वे फिलहाल अपनी यात्रा को स्थगित करें और अपने घरों में सुरक्षित रहें। जो यात्री पहले से यात्रा पर हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रुकने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

# अपमानजनक शब्द कहने पर गुस्साए भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बिहार में महागठबंधन की रैली में राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी दिवंगत माता के प्रति गाली गलौज अपमानजनक शब्दों को लेकर देशभर में किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के क्रम में सोमवार को भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण जिला अध्यक्ष मीता सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री विनोद कश्यप के संयोजन में कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा के कार्यकर्ता पहाड़ी गली चौक पर एकत्र हुए तत्पश्चात विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस भवन होते हुए पहाड़ी गली चौक पर



विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान की उपस्थिति में नारेबाजी करते हुए पुतले का दहन किया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि महागठबंधन की राजनीति हताशा में बदल गई है। जनता का समर्थन न मिलने पर वे अपशब्दों का सहारा ले रहे हैं इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद कश्यप, मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग, राहुल शर्मा, अनुज गुलेरिया, सिद्धार्थ, प्रदीप वर्मा, सुखदेव फर्सवान, जनार्दन जोशी, नवीन रावत, संजय तोमर, कृष्णा तोमर, रचिता ठाकुर, सुनीता गुलेरिया, रोशन नेगी, नीरज ठाकुर, संग्राम सिंह, प्रमोद रोहिला, विनय सैनी, आरपी सिंह, पीतांबर सैनी, नरेश रावत, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, रोहित पाल, सचिन बंसल, मुकेश वर्मा, राजेंद्र राणा, रेखा सिंह, रितेश असवाल, चमन नेगी, विकास तोमर, रविता चौहान, उपासना, प्रतीक्षा, सुमन काशव, ऋषभ, आकाश मुल्तानी, अनिल नौटियाल, विनायक, शारांश आदि उपस्थित रहे।

# नुकसान के पीछे सिलिखड्ड-कुनैन मोटर मार्ग की खामियां भी जिम्मेदार हैं: ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** ग्राम पंचायत खरोड़ा के डाकरा खेड़ा क्षेत्र में हुई भीषण अतिवृष्टि ने ग्रामीणों की सालों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आपदा से प्रभावित 13 परिवारों के खेत और बगीचे बुरी तरह तबाह हो गए हैं। खेतों की मिट्टी बह जाने के साथ-साथ सैकड़ों फलदार पेड़ जड़ से उखड़ गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बारु के 5 खेत और लगभग 600 पेड़, भज्जू के 4 खेत व 300 पेड़, शाईशू के 5 खेत और 600 पेड़, तिलकू के 3 खेत और 300 पेड़, केसर सिंह के 2 खेत और 400 पेड़, बिरूडू के 4 खेत और 400 पेड़, राणू के 2 खेत और 200 पेड़, मुनिया का



पूरा पट्टा व 2 खेतों में 500 पेड़, बसिया के 2 खेत और 300 पेड़ तथा साईबू के एक खेत और 100 पेड़ नष्ट हो गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि इस भारी नुकसान के पीछे सिलिखड्ड-कुनैन मोटर मार्ग की खामियां भी जिम्मेदार हैं। सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल राणा ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान उचित नालियां, स्क्वर और सुरक्षा दीवारें नहीं बनाई गईं। पहले इसी मार्ग के कारण इंटर कॉलेज क्षतिग्रस्त हुआ था और अब खेत-खलियान उजड़ रहे हैं। वहीं नरेश चौहान और प्रधान पप्पू राणाअन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नुकसान का सर्वे कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# उत्तराखंड आज गंभीर संकटों के भंवरजाल में फंसा हुआ हैः कुकरेती

**यूकेडी ने शहीद आंदोलनकारियों को अर्पित किए श्रद्धासुमन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शहीद स्थल तिकोना पार्क विकासनगर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के इतिहास में अमिट रूप से दर्ज खटीमा एवं मसूरी गोलीकांड की बरसी पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात



सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड क्रान्ति दल के केंद्रीय संरक्षक सुरेन्द्र कुकरेती ने गहरी व्यथा और आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि "आज जब हम अपने शहीदों की पावन स्मृति में सिर झुकाते हैं, तो लगता है उनकी आत्माएँ भी आज प्रदेश की दुर्दशा देखकर व्यथित और चीत्कार कर रही होंगी।" उन्होंने कहा कि जिस राज्य की परिकल्पना शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर की थी, वह आज गंभीर संकटों के भंवरजाल में फंसा हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की तस्वीर दिन-ब-दिन भयावह होती जा रही है बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी है, शिक्षा का स्तर निरंतर गिर रहा है, चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली की पराकाष्ठा पर है, और सबसे चिंताजनक स्थिति महिला सुरक्षा की है।

आज देवभूमि कहलाने वाली यह पावन धरती धीरे-धीरे दानवभूमि का रूप लेती जा रही है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध राज्य की अस्मिता को गहरी चोट पहुँचा रहे हैं उन्होंने कहा "यह राज्य केवल सत्ता सुख के लिए नहीं बना था।

इसके पीछे उन 42 अमर शहादतों का इतिहास है, जिनमें असंख्य आंदोलनकारियों का रक्त इस धरती में सिंचित हुआ। लेकिन आज सवाल यह है कि क्या सचमुच वह सपना पूरा हुआ?"

सुरेंद्र कुकरेती ने कहा की खटीमा(1 सितम्बर 1994) और मसूरी (2 सितम्बर 1994) गोलीकांड केवल तारीखें नहीं, बल्कि वे रक्तरंजित पड़ाव हैं जिन्होंने उत्तराखंड राज्य के संघर्ष को नया मोड़ दिया। निहत्थे आंदोलनकारियों पर बरसी गोलियों ने पहाड़ की आत्मा को झकझोरा और 42 शहादतों ने अलग राज्य की चेतना को हमेशा-हमेशा के लिए अमर कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने 'शहीदों की जय', 'उत्तराखंड अमर रहे' और 'भू-कानून लागू करो' जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

# सैनिकों के सम्मान और हितों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता : जोशी

**गढ़वाल राइफल्स की 14वीं बटालियन का 50वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए सैनिक कल्याण मंत्री**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** देहरादून के बालावाला में 14वीं बटालियन गढ़वाल राइफल्स का 50वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बालावाला के एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित कार्यक्रम में देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही वीर नारियों और वीरता पदक प्राप्त पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सभी ने हिमालय बचाओ अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।

अपने संबोधन में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सभी पूर्व सैनिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि उन्हें भी 14वीं बटालियन गढ़वाल राइफल्स में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ था और आज वे जहाँ हैं, उसके पीछे उनकी सैनिक पृष्ठभूमि की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल राइफल्स वीरता की मिसाल है और उत्तराखंड वीरों व राष्ट्रभक्तों की भूमि है।



सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि देश की सेना में लगभग 17.5 प्रतिशत सैनिक उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य से आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सैनिकों के प्रति विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित वन रैंक वन पेंशन की मांग को मोदी सरकार ने पूरा किया। राज्य सरकार ने भी पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं और शहीदों के परिवार से एक सदस्य को नौकरी देने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप देहरादून में भव्य सैन्यधाम का निर्माण प्रगति पर है, जिसका शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने संगठन के पूर्व अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कैप्टन धनीराम नैनवाल को भी स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित कीं। इस अवसर पर अध्यक्ष उमानंद जोशी, कर्नल हरि सिंह चौधरी, पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह बिष्ट, सूबेदार पूरण चंद्र, बाल सिंह जुयाल, कै. त्रिलोक सिंह, लक्ष्मी तोमर, सुलोचना पूर्व सैनिक वीर नारियां उपस्थित रहीं।

# टौंस नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** टौंस नदी का जलस्तर सोमवार को खतरे के निशान को पार कर गया। टौंस के उफान पर आने से नया बाजार, गुटियाखाटल बस्ती पर खतरा मंडराने लगा है। तहसील प्रशासन और थाना पुलिस ने नया बाजार, गुतियाखाटल के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आबादी क्षेत्र में बस्ती को खाली करने का अलर्ट जारी किया है। हालांकि लोगों ने अभी बस्ती को खाली करना शुरू नहीं किया है। बावजूद इसके प्रशासन नदी के बहाव और ऊपरी कैचमेंट एरिया के मौसम पर लगातार नजर बनाए हुए है।

लगातार हो रही बारिश से टौंस की सहायक पावर नदी के साथ ही रूपिन, सुपिन नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिससे टौंस के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने का खतरा बना हुआ है। थाना पुलिस ने बाजार में मुनादी कर लोगों को अलर्ट रहने, नदी से सटे भवनों को खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन तंत्र, जल पुलिस, राजस्व पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। टौंस की सहायक नदियों पावर, रूपिन, सुपिन का भी लगातार बढ़ रहा जलस्तर पर चिंता का कारण बना है। तीनों नदियों में बढ़े पानी का असर टौंस के जल स्तर पर पड़ेगा, जिससे खतरा अधिक हो सकता है।

तात्कालिक परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन ने त्यूणी बाजार से लेकर उत्तरकाशी के मोरी, नैटवाड़, खूनीगाड़, डडियार में भी अलर्ट जारी किया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीर रावत, यशपाल ठाकुर, जगत नायक, बलवीर सिंह, जगजीत सिंह, रमेश चौहान, कन्नी चौहान आदि ने बताया कि अभी नदी किनारे के बाजार को खाली नहीं किया गया है। व्यापारी लगातार नदी के जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन के साथ मिलकर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है। उधर, एसडीएम योगेश मेहरा ने बताया कि त्यूणी बाजार के हालात पर लगातार निगरानी की जा रही है। गुतियाखाटल बस्ती को खाली करने की चेतावनी दी गई है। जल स्तर के कम नहीं होने पर तटवर्ती बाजार को खाली करा दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने किया उत्तराखंड के पहले साथी केंद्र का शुभारम्भ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईआईटी कानपुर के सहयोग से हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा में ''साथी केंद्र'' का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सामाजिक और आर्थिक विकास उसकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक स्तर पर सुधार लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। उन्होंने कहा कि आज इस नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में भी सहायता मिल रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से आज आईआईटी और आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रोफेसर ऑनलाइन क्लासेज द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुविधा का सीधा लाभ खटीमा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 15 लाख से अधिक विद्यार्थी “प्रोजेक्ट साथी” से लाभान्वित हो चुके हैं। हमारे राज्य में भी अब तक लगभग 29 हजार विद्यार्थी इस पहल का हिस्सा बन चुके हैं और पिछले वर्ष 500 से अधिक विद्यार्थियों ने इस प्लेटफॉर्म की मदद से विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की।

मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना के माध्यम से, राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों को 18 लाख रुपये तक का शोध अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. बी. एन. खाली, निदेशक आईआईटी कानपुर मनिंदर अग्रवाल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ बीएन खाली, निदेशक आईआईटी कानपुर मनिंदर अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

# महिला असुरक्षा के नाम पर देहरादून की छवि धूमिल करना निन्दानीय : कुसुम

## आंकड़ों के सर्वे की रिपोर्ट तलब करेगा आयोग , निजी सर्वे या रिपोर्ट के आधार पर तय नही होंगे मानक, महिला सुरक्षा की एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ( एनएआरआइ ) का महिला आयोग से नही कोई ताल्लुक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स, जो 31 शहरों में 12,770 महिलाओं के सर्वेक्षण पर आधारित है, इसमें महिलाओं का राष्ट्रीय सुरक्षा स्कोर 65 फीसदी रखा है जो कि एक कंपनी का निजी व स्वयं का आंकड़ा है। महिला आयोग का इस आंकड़े से कोई सम्बन्ध नही है।

बीते 28 अगस्त को दिल्ली में आयोजित एक निजी कम्पनी के नारी 2025 कार्यक्रम में पीवैल्यू एनालिटिक्स द्वारा तैयार सर्वे के आधार ग्रुप ऑफ इंटेलेक्चुअल्स एंड एकेडमिशियंस द्वारा प्रकाशित पुस्तक श्नारी 2025श का विमोचन किया गया है। पुस्तक में महिलाओं के लिए असुरक्षित शहरों की जारी सूची, जिस सर्वे यक आंकड़ों के आधार पर की गई है उससे महिला आयोग का राष्ट्रीय स्तर पर या राज्य स्तर पर कोई भी सम्बन्ध या ताल्लुक नही है। इस मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि यह बहुत ही निंदापूर्ण है कि केवल 12770 महिलाओं के आधार पर 31 शहरों में महिला असुरक्षा की स्तिथि को दर्शाया गया है, जिसे महिला आयोग नकारता है। क्योंकि देहरादून की महिलाएं अच्छे से जानती है कि यहां महिला सुरक्षा को लेकर सरकार, शासन प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं और महिलाओं व बेटियों के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने कहा कि महिला असुरक्षा के नाम पर देहरादून की छवि को धूमिल करना पूरी तरह गलत है। महिला सुरक्षा की एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स (एनएआरआइ) का महिला आयोग से कोई ताल्लुक नही है। अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने बताया कि इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय रहाटकर उपस्थित थीं, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार से सर्वे का समर्थन नही किया है। इस मामले में कुसुम कण्डवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रहाटकर से फोन पर वार्ता कर जानकारी भी ली है जिस पर विजय किशोर रहाटकर का कहना है कि इस सर्वे या आंकड़ो से राष्ट्रीय महिला आयोग का कोई सम्बन्ध नही है ना ही यह रिपोर्ट राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा जारी की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि इस प्रकार के आंकड़ों के सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर देहरादून का नाम इस सूची में जोड़ा गया है उसकी रिपोर्ट आयोग तलब करेगा और इसमें आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

# डा. पंकज मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डा. अरुण जोशी के सेवानिवृत्त होने के बाद हड्डी रोग विभाग के एचओडी डा. पंकज सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बनाए गए हैं। सोमवार को निवर्तमान प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने उनको कार्यभार सौंप दिया। बता दें कि डा. अरुण जोशी का 30 अगस्त को अंतिम कार्यदिवस था। उन्होंने कार्यभार सौंपने की सारी औपचारिकताएं निभा दी थी लेकिन शासन से नए प्राचार्य का नाम तय नहीं हो पाने के चलते वह कार्यभार नहीं सौंप पा रहे थे। शासन की ओर से कॉलेज में सबसे सीनियर फैकल्टी हड्डी रोग के एचओडी डा. पंकज सिंह को चार्ज सौंपने के आदेश के तहत उन्होंने औपचारिक तौर पर प्राचार्य कार्यालय में उन्हें कार्यभार सौंप दिया। इधर कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रभारी प्राचार्य डा. पंकज सिंह ने कहा कि मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। आपातकालीन विभाग को और सशक्त बनाने तथा रोगियों को त्वरित उपचार दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 सितम्बर को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा सदगुरुदेव सतपाल जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर 7 सितंबर को मानव धर्म आश्रम कुसुमखेड़ा हल्द्वानी में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम की प्रभारी प्रचारिका बाई ने बताया कि पटेल क्लिनिक हल्द्वानी के डाक्टर एचपी पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ईसीजी कोलेस्ट्रॉल शुगर गठिया एवं आंखों की जांच निशुल्क रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर सद्भावना सत्संग समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

# एक चरस तस्कर, दो वारंटी चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मादक पदार्थों की तस्करी और फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। काठगोदाम पुलिस ने चरस की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जबकि बनभूलपुरा पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त वारंट के आधार पर दो वांछित आरोपियों को दबोचा। जानकारी के अनुसार बीते रविवार की रात्रि थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा मय टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर चैकिंग कर रहे थे तभी टीम ने थाना मुख्य गेट से लगभग 50-60 मीटर दूर नरीमन की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिसकी जामातलाशी के दौरान उसके पास से 200.4 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान प्रकाश चंद्र भट्ट पुत्र स्व. लोकमणि निवासी देवलामल्ला, गोलापार के रूप में हुई। टीम में एसआई अरुण राणा, कांस्टेबल अशोक रावत, कांस्टेबल भानु प्रताप शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर, बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय से प्राप्त वारंट की तामील करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में मो. अजीम उर्फ राजा, पुत्र जलील अहमद, निवासी बड़ी रोड, थाना बनभूलपुरा और अशोक कुमार उर्फ जोजो पुत्र सोहन लाल निवासी स्वामी विहार गौजाजाली उत्तर शामिल हैं। तीनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

**शराब के साथ दो गिरफ्तार**

हल्द्वानी। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी व काठगोदाम थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी के नेतृत्व में गोसाईपुर तिराहे के ऊपर गीतांजलि ढाबा के पास छापेमारी कर अमोल दास पुत्र सूरज दास निवासी गीतांजलि ढाबा, गोसाईपुर मुखानी निवासी गांव चितरंजनपुर, थाना दिनेशपुर, जिला उधमसिंह नगर को 34 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं काठगोदाम थाना पुलिस ने राहुल आर्य पुत्र जगदीश चंद्र आर्य, निवासी हाइडिल गेट के पास दमुवाढूंगा, काठगोदाम को 79 टेट्रा पैक संतरा मसालेदार देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सांकेतिक और शांतिपूर्ण प्रदर्शन को उग्र बनाने की कोशिश मे थी कांग्रेस: चौहान

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भाजपा के शांतिपूर्ण और सांकेतिक प्रदर्शन को बबाल से जोड़ने की कड़ी आलोचना की है। चौहान ने कहा कि पार्टी के कई जिलों मे आज प्रदर्शन के कार्यक्रम थे और इसी तरह गाँधी पार्क मे कार्यक्रम आयोजित था। लेकिन कांग्रेसी बवाल काटने और प्रदर्शन को उग्र बनाने की कोशिश मे कार्यालय से बाहर आ गए तथा नारेबाजी और गलत बयानी करने लगे। उन्होंने कहा कि देश के पीएम की दिवंगत माँ को गाली देने के बाद देश भर मे उबाल है। बिहार के जिस मंच से गाली गलौच किया गया, उस पर आसीन नेता और पार्टी के खिलाफ जनाक्रोश भड़का हुआ है। कांग्रेस अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है, जबकि सच यह है कि प्रदर्शनकारी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस के ऐसे कृत्य से सच्चाई छिप नही सकती है।

कांग्रेस हताश, निराश है और अब जनाक्रोश को दबाने के लिए दुष्प्रचार का सहारा ले रही है। जनता कांग्रेस को सबक सिखायेगी यह निश्चित है।

# मानवाधिकार आयोग ने पुलिस अधिकारियों को भेजा नोटिस

**हल्द्वानी।** आरटीआई कार्यकर्ता भुवन पोखरिया और उनके परिवार पर हुए हमले का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले साल दिसंबर में चोरगलिया थाना क्षेत्र में हुई इस गंभीर घटना को पुलिस ने चंद दिनों में बंद कर दिया था, लेकिन अब मानवाधिकार आयोग ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आईजी कुमाऊं को नोटिस जारी किया है और पांच दिन के भीतर जवाब मांगा है। बता दें कि उम्मेदपुर, चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया ने बताया कि 12 दिसंबर 2024 को वे अपने परिवार के साथ हल्द्वानी से लौट रहे थे। जैसे ही वे दानीबंगर से चोरगलिया की ओर जंगल के पास पहुंचे, उन पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया। उन्होंने तत्काल चोरगलिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने मात्र पांच दिन में जांच पूरी कर कोर्ट में यह रिपोर्ट सौंप दी कि कोई हमला हुआ ही नहीं। भुवन के अनुसार, जब उन्होंने इस कार्रवाई के खिलाफ एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज करानी चाही, तो उल्टा उन्हें ही जेल भेज दिया गया। घटना और पुलिस की भूमिका से क्षुब्ध होकर भुवन पोखरिया ने मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया। अब आयोग ने इस पूरे मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए आईजी कुमाऊं को नोटिस भेजा है और सभी संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। आयोग ने इस मामले में एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी और एलआईयू अधिकारी जितेंद्र उप्रेती को पक्षकार बनाया है।


**।सूचना।**

मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम किरन दर्ज है। भविष्य में मुझे किरन पुंडीर पुत्री बैशाख सिंह पुंडीर, ग्राम ग्वालना, पोस्ट तोली बनगढ़, जनपद टिहरी गढ़वाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं०578 / सम्पत्ति नामान्तरण /2025-26 दिनांक-01/09/2025

**इस्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिय द्वारा समचित किया जाता है कि अनिल कुमार पुत्र स्व०फुल सिंह निवासी वार्ड सं0 01 चांदमारी रोड मिस्सरवाला द्वारा इस आशय का एक प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के अभिलेखों में सम्पत्ति सं0 02 स्थित वार्ड सं० 20 पुराना वार्ड नं0 01 को श्री फूल सिंह पुत्र स्व० श्री कालू राम के स्थान पर उनका नाम दर्ज किया जाए।

अत: जिस संस्था/व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति हस्तान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस प्राप्ति एवं सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं० 577 सम्पत्ति नामान्तरण/कर अनुभाग /2025-26 दिनांक-01/09/2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मौहम्म्द इकबाल पुत्र स्व० मौ० कासिम द्वारा इस आशय का कार्यालय नगर पालिका में दिनांक 14.07.2025 को नामन्तरण सम्बन्धी आवेदन पत्र दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के गृहकर अभिलेखों में सम्पत्ति संख्या 82 स्थित वार्ड संख्या 01 में शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं विक्रय पत्र के आधार पर उनके नाम दर्ज किया जाये।

नगर पालिका अभिलेखों में सम्पत्ति सं० 82 स्थित वार्ड 01 में मौहम्मद इकबाल पुत्र स्व० मौ० कासिम का नाम दर्ज होने पर जिस संस्था/व्यक्ति को आपत्ति हो तो. वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ कार्यालय में दे सकते हैं। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**नोटिस**

मेरे द्वारा एक [illegible] फ्लैट संख्या के-301 ए, [illegible] 320 [illegible] [illegible] दिनांक 13.02.2024 [illegible] 1334 [illegible] 2942 पृष्ठ संख्या 273-308 दस्तावेज संख्या 11652 पंजीकरण दिनांक 17.12.2015 [illegible]

प्रार्थी आदित्य सैनी पुत्र श्री [illegible] सैनी निवासी 37, [illegible] हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार मोबाइल नंबर-9411500636

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय : "उज्ज्वल" महारानी बाग, जीएमएस रोड, देहरादून-248006, दूरभाष संख्या: 0135-2763808 फैक्स नं0: 0135-2763508 सी.आई.एन. सं० - U40101UR2001SGC025866, वेबसाईट: Website: www.ujvnl.com

पत्रांक : 658 **अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** दिनांक : 01.09.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद), मनेरी भाली प्रथम चरण परियोजना, मनेरी (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :

**निविदा संख्या 08 / अधि०अभि०(जानपद) / एमबी-I / टीएन / 2025-26**

**कार्य / पूर्ति / सेवाऐं का नाम:** अधिशासी अभियन्ता (जानपद), एम.बी.-I, मनेरी, उत्तरकाशी हेतु चालक सहित एक नग नॉन एसी महिन्द्रा बोलेरो अथवा समकक्ष डीजल वाहन एक वर्ष के लिए किराये हेतु।

**अनुमानित लागत:** रू0 4.87 लाख (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 01-09-2025 को 17:00 बजे से।

**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 08-09-2025 को 15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"https://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें" एम.बी.-I, मनेरी

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, विकासनगर-248198 दूरभाष : 9412075946

पत्रांक-4935 / वि०वि०खं०/ **निविदा सूचना** दिनांक-01.09.2025

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आयकर, वस्तु एवं सेवाकर, ई०पी०एफ० एवं ई०एस०आई०सी० में पंजीकृत, विद्युत कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त "ए" क्लास लाइसेंसधारक अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर राशि, जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, विकासनगर के नाम बनाई जायेगी, 180 दिनों के लिए वैध हो एवं नियम व शर्तें, प्रपत्र इत्यादि तथा द्वितीय भाग में दरें हों) दिनांक 18-09-2025 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15:30 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 17-09-2025 को सांय 17:00 बजे तक नकद धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा विक्रय करने की तिथि / खुलने की तिथि को किसी कारण अवकाश होने पर उक्त कार्य अगले कार्य दिवस पर होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। विस्तृत नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

**निविदा संख्या 21 /EDDV/2025-26 :-** विद्युत वितरण उपखण्ड डाकपत्थर के अन्तर्गत ग्राम गास्की एवं डिंडाल को सुचारू विद्युत आपूर्ति किये जाने हेतु 11 केवी लखवाड़ लाइन को टैप कर ग्राम बागी से गास्की तक 11 केवी लाइन का निर्माण कार्य इत्यादि। धरोहर राशि रू0 7,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 250.00+जी०एस०टी० अतिरिक्त।

**निविदा संख्या 22 /EDDV/2025-26 :-** विद्युत वितरण उपखण्ड सहसपुर के अन्तर्गत 33 / 11 केवी उपसंस्थान सहिया के अधीन नए 11 केवी सहिया फीडर का निर्माण कार्य इत्यादि। धरोहर राशि रू0 6,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 250.00+जी०एस०टी० अतिरिक्त।

**अधिशासी अभियन्ता**
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं / Save Electricity in the interest of Nation (Toll Free No. 1800-419-0405)

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

**आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा**
**ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016**
**ईमेल: cb3038@canarabank.com**

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांको को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड), (सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड https://baanknet.com/ पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा<br>श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट निवासी मकान नंबर 167, पदमपुर, सुखरो, आनंद चौक के पास, जिला पौड़ी, उत्तराखंड 246149<br>मेसर्स दिव्यम मोटर्स प्रो. श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट निवासी पदमपुर, सुखरो, आनंद चौक के पास, जिला पौड़ी, उत्तराखंड 246149<br>गारंटर: श्री. सत्यपाल सिंह पुत्र श्री लुथी सिंह निवासी मकान नंबर 319, पदमपुर, सुखरो, अम्बे चौक के पास, जिला पौड़ी, उत्तराखंड 246149 | सभी आवासीय संपत्ति का ईएमटी, फ्लैट एमजे-504 (छत के अधिकार के बिना), चौथी मंजिल, मधुर जमुना टावर, खाता संख्या 31, खेत संख्या 33 गा और खाता संख्या 22, खेत संख्या 31 खा, गांव सेमलचौड़, पट्टी सुखरो, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में स्थित, श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट के नाम पर।<br>कुल भूमि क्षेत्रफल 828.00 वर्ग फुट अर्थात 76.96 वर्ग मीटर। चौहद्दी- पूर्व- टावर की खाली भूमि<br>पश्चिम- फ्लैट संख्या एमजे 501<br>उत्तर- साझा मार्ग, फिर फ्लैट संख्या 503<br>दक्षिण- खाली भूमि<br>(भौतिक कब्जे में) | रु. 37,25,360.07 (रुपये सैंतीस लाख पच्चीस हजार तीन सौ साठ और सात पैसे मात्र) दिनांक 30.06.2025 तक प्लस उस पर 01.07.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्चे | a. 13,51,000/-<br>b. 1,35,100/-<br>c. 50,000/-<br>d. 30.08.2025 | 25.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>24.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति<br>श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी)<br>मो: 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी)<br>मो: 8826933887 |
| 2. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा<br>मेसर्स राज़ी इंडस्ट्रीज अपने भागीदारों के माध्यम से:<br>1. श्रीमती शीतल जोशी 2. श्री राकेश जोशी<br>खसरा नंबर 235/सीएच, टाइटन के सामने, हरिद्वार रोड, कुआंवाला, देहरादून-248008-उत्तराखंड<br>मेसर्स राज़ी इंडस्ट्रीज अपने भागीदारों के माध्यम से:<br>1. श्रीमती शीतल जोशी 2. श्री राकेश जोशी खाता खतौनी नंबर 501, खसरा नंबर 2093, शांति कुंज लेन नंबर 5, लोअर नत्थनपुर, पीओ-नेहरूग्राम, एसजीआरआर स्कूल के पास, देहरादून-248014-उत्तराखंड<br>श्री राकेश जोशी पुत्र श्री रविदत्त जोशी निवासी मकान नंबर 397, राजेश्वरी पुरम, लोअर नत्थनपुर, देहरादून-248001 उत्तराखंड<br>श्रीमती शीतल जोशी पत्नी श्री राकेश जोशी निवासी मकान नंबर 397, राजेश्वरी पुरम, लोअर नत्थनपुर, देहरादून-248001 उत्तराखंड | आवासीय संपत्ति खाता खतौनी संख्या 501 पर स्थित, जो मौजा रायपुर, परगना परवादून, देहरादून में खसरा संख्या 2093 का हिस्सा। यह संपत्ति श्रीमती शीतल जोशी पत्नी श्री राकेश जोशी, निवासी मकान संख्या 397, राजेश्वरीपुरम, लोअर नत्थनपुर, देहरादून-248001 के नाम पर है।<br>चौहद्दी-<br>पूर्व- 20 फीट चौड़ी सड़क, आकार 18 फीट<br>पश्चिम- दूसरों की गली, आकार 18 फीट<br>उत्तर- दीवार, आकार 72 फीट<br>दक्षिण- दूसरों की भूमि, 72 फीट<br>(संपत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है) | रु. 56,01,799.70 (रुपये छप्पन लाख एक हजार सात सौ निन्यानवे और सत्तर पैसे मात्र) दिनांक 28.10.2018 तक प्लस उस पर 01.11.2018 से अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो, वसूलियों को घटाकर। | a. 17,50,000/-<br>b. 1,75,000/-<br>c. 10,000/-<br>d. 30.08.2025 | 25.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>24.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति<br>श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी)<br>मो: 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी)<br>मो: 8826933887 |
| 3. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा<br>मेसर्स साह ट्रेडर्स (उधारकर्ता)<br>15 तिनारा, खत्यारी, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263601<br>शशि साह (मालिक एवं बंधककर्ता) पत्नी मुन्ना लाल शाह<br>जौहरी बाजार, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263601<br>पवन साह (गारंटर एवं बंधककर्ता) पुत्र मुन्ना लाल साह<br>मकान नंबर 16, जौहरी मोहल्ला, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263601 | 1. उत्तराखंड के अल्मोड़ा के जौहरी बाजार में स्थित आवासीय भवन, संपत्ति संख्या 466, क्षेत्रफल 18.12 वर्ग मीटर, श्री पवन शाह पुत्र श्री मुन्ना लाल शाह के नाम पर। चौहद्दी- उत्तर- 2.5 फीट चौड़ा मार्ग, दक्षिण- श्री पवन वर्मा की आवासीय संपत्ति, पूर्व- 10.00 फीट चौड़ी गली, पश्चिम- जौहरी बाजार (भौतिक कब्जा)<br>2. संपत्ति बिम्परिंग खाता संख्या 439, खेवट संख्या 2209, गाँव माय भीतर पट्टी खासपरजा अल्मोड़ा में स्थित। जिसका क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर, जो शशि शाह पत्नी मुन्ना लाल शाह के नाम पर है। चौहद्दी- उत्तर- 6 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण- अन्य भूमि, पूर्व- अन्य भूमि, पश्चिम- 5 फीट चौड़ा रास्ता (भौतिक कब्जा) | दिनांक 30.06.2025 तक केवल रुपये. 77,55,239.13 (रूपये सतहत्तर लाख पचपन हजार दो सौ उनतालीस और तेरह पैसे मात्र) देय, साथ ही 01.07.2025 से ब्याज, व्यय, अन्य शुल्क आदि, यदि कोई हो तो, वसूलियों को घटाकर। | a. 6,85,000/-<br>b. 68,500/-<br>c. 10,000/-<br>d. 30.08.2025<br>a. 3,65,000/-<br>b. 36,500/-<br>c. 10,000/-<br>d. 30.08.2025 | 25.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>24.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति<br>श्री अंकित कृष्ण सांवरे (प्रबंधक)<br>मो: 9457931468 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी)<br>मो: 8826933887 |
| 4. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा<br>1. श्रीमती मीनाक्षी सिंह (उधारकर्ता) पत्नी श्री कांत सिंह<br>अन्नपूर्णा निवास, भीमगोड़ा, खरखरी, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249401<br>2. श्री श्रीकांत सिंह (सह-उधारकर्ता) पुत्र इलम चंद<br>सी65 सी शास्त्री नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249407 | संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश जिसमें आवासीय संपत्ति प्लॉट संख्या सी-6 शामिल है, पूर्व में क्षेत्रफल 30 फीट, पश्चिम में क्षेत्रफल 30 फीट, उत्तर में क्षेत्रफल 33.5 फीट, दक्षिण में क्षेत्रफल 33.5 फीट, कुल क्षेत्रफल 1005 वर्ग फीट यानी 93.40 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 300एम का हिस्सा, ग्राम बावली कलंजरी, परगना और तहसील रुड़की, जिला - हरिद्वार में स्थित है।<br>चौहद्दी- पूर्व- अन्य व्यक्ति की संपत्ति, पश्चिम- प्लॉट संख्या सी-5 का भाग, उत्तर- अन्य की संपत्ति, दक्षिण- 20 फीट चौड़ा रास्ता<br>CERSAI ID - 400074131348 (सांकेतिक कब्जा) | रु. 25,49,090.75 (रूपये पच्चीस लाख उनचास हजार नब्बे और पिचहत्तर पैसे मात्र) दिनांक 30.06.2025 तक प्लस 01.07.2025 से उस पर अतिरिक्त ब्याज, अन्य खर्चे आदि | a. 25,33,000/-<br>b. 2,53,300/-<br>c. 10,000/-<br>d. 30.08.2025 | 25.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>24.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति<br>श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी)<br>मो: 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी)<br>मो: 8826933887 |

दिनांक: 30.08.2025, स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उ.मुबंई में होगा सांसद खेल महोत्सव

**मुम्बई, वार्ता।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी खेलों से खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए कांदिवली पश्चिम स्थित एमसीए क्लब में सोमवार को उत्तर मुंबई में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। गोयल ने मुम्बई स्पोट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर के बीच व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम खेल को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य लगभग एक लाख खिलाड़ियों को जोड़ने और भारत में खेले जाने वाले सभी खेलों जैसे हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी आदि को प्रोत्साहन देने का है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम हमारे खिलाड़ियों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जिससे वो देश के साथ-साथ विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकें।

### एस20 की नीलामी में एंडरसन और शाकिब उपलब्ध

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन नौ सितंबर को होने वाले एसए 20 2026 की नीलामी के लिए उपलब्ध 541 खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी के लिए एंडरसन सहित इंग्लैंड के कुल 97 खिलाड़ी उपलब्ध हैं जिसमें मोईन अली, एलेक्स हेल्स और एसए20 2025 फाइनल के प्लेयर ऑफ़ द मैच टॉम एबेल शामिल हैं। एंडरसरन ने टी-20 ब्लास्ट में लैंकशायर के लिए खेलते हुए टी-20 क्रिकेट में 11 वर्षों बाद वापसी की थी, वहीं उन्होंने द हंड्रेड में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के लिए आठ में से तीन मैच खेले। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिज़ुर रहमान नीलामी के लिए उपलब्ध बांग्लादेश के 14 खिलाड़ियों में शामिल हैं। डी'आर्की शॉर्ट और पीटर हत्योग्लू नीलामी सूची में शामिल केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं क्योंकि बीबीएल और एसस20 एक साथ होने वाले हैं। नीलामी में 28 वेस्टइंडीज़ और 24 श्रीलंकाई खिलाड़ी हैं, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी नीलामी सूची में शामिल एकमात्र नेपाली खिलाड़ी हैं। एडन मारक्रम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप द्वारा रिटेन न किए जाने का फैसला किया, सूची में दक्षिण अफीका के 300 खिलाड़ियों में प्रमुख हैं, उनके साथ टी-20 विश्व कप 2024 के उपविजेता खिलाड़ी अनरिख नॉर्खिए, क्विंटन डी कॉक, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और गेराल्ड कोएत्जी भी शामिल हैं।



# महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि

**वर्ष 2022 में पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर थी, जिसे बढ़ाकर 138.8 कर दी**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है।

आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमे. रिकी डॉलर (लगभग 30-80 करोड़ रुपये) थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है। विश्वकप विज. ेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13-2 लाख अमेरिकी डॉलर (11-62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19. 71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11-2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप-स्टेज में प्रत्येक जीत के लिए विजेताओं को 34,314 अमेरिकी डॉलर (30-2 लाख रुपये) मिलेंगे।

# जेमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



- **कहा: मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑराउंडर जेमी ओवरटन ने सोमवार को शारीरिक क्षमता का हवाला देते हुए टेस्ट क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की। जेमी ओवरटन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपनी पोस्ट में लिखा कि काफी सोच-विचार के बाद, मैंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि लाल गेंद वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है और अब तक मुझे खेल में मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है। यहीं से मैंने खेल सीखा और इसने मेरे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को बल दिया जो मुझे इतने लंबे समय तक प्रेरित करती रहीं। हालांकि, मेरे करियर के इस पड़ाव पर, 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की मांगों के साथ, अब हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना, शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से, संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर रहेगा और मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा। 2022 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले ओवरटन ने अब तक केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं, उनका आखिरी मैच हाल ही में समाप्त हुई घरेलू श्रृंखला में भारत के खिलाफ ओवल में था। इस ऑलराउंडर ने टेस्ट की दो पारियों में केवल दो विकेट लिए और नौ रन बनाए।

2012 में सरे के साथ शुरू हुआ उनका प्रथम श्रेणी करियर थोड़ा ज़्यादा शानदार रहा है, जहां 31 वर्षीय ओवरटन ने 21-51 की औसत से 2410 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में, उन्होंने 99 मैचों में 31-66 की औसत से 239 विकेट लिए हैं।

# चंद्रशेखर-प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर

- **चंद्रशेखर और विजय की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत ने यूएस ओपन 2025 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी की इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस साल के फ्रेंच ओपन की सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। आठवें गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने पहला सेट गंवा दिया, लेकिन दूसरे गेम के छठे गेम में अमेरिकी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की और निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने तीसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और शुरुआती गेम में इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की सर्विस तोड़कर मैच के बाकी समय तक अपनी सर्विस बचाए रखी। अंतिम क्षणों में वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने वाली भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ की जोड़ी के साथ मुकाबला करेगी। हालांकि, पुरुष युगल ड्रॉ में भारत की ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली और एन-श्रीराम बालाजी की जोड़ी अपने पहले दौर के मैच से आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय जोड़ी बार्ट स्टीवंस और वासिल किरकोव की डच-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 3-6, 7(10)-6(8), 6-4 से हार गई और साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गई।

# सबालेंक, नोवाक व अल्काराज क्वार्टरफाइनल में

- **एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्ट्रीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। सबालेंका का अगले दौर में मुकाबला कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना और चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रा. ेसोवा के बीच होने वाले मैच के विज. ेता से होगा। आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात नोवाक जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की। एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच का अगला मुक. ाबला अमेरिकी नंबर 4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था। मैच के बाद साक्षात्कार में जोकोविच ने कहा कि अगर आप अच्छी सर्विस करते हैं तो यह निश्चित रूप से मददगार होता है। मुझे लगता है कि पिछले राउंड में और आज भी मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। शायद मुझे उतनी मेहनत करने की ज़रूरत नहीं है।

अपने करियर के ज़्यादातर समय मैं बेसलाइन से दौड़ता, फिसलता और घिसटता रहा हूं। लेकिन जब सही समय आता है, तो मैं आक्रामक होने का प्रयास करता हूं। रात भी ऐसा ही हुआ। इस जीत के साथ जोकोविच ने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया, जो दोनों 13-13 यूएस ओपन क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचे थे, और अब वह 14-14 के साथ अकेले खड़े हैं। ओपन एरा रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके हैं।



# आकर्शी कश्यप को मिला एनटीपीसी कोरबा का समर्थन

**रायपुर, वार्ता।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन स्टार आकर्शी कश्यप को एनटीपीसी कोरबा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत समर्थन दिया है। आकर्शी ने लागोस इंटरनेशनल क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। आकर्शी ने अपनी खुशी व्यद्र करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एनटीपीसी कोरबा और मेरे शुभचिंतकों के निरंतर समर्थन के बिना संभव नहीं थी। यहां का अनुभव मुझे और कड़ी मेहनत करने और बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। आकर्शी की अगली चुनौती वियतनाम इंटरनेशनल सीरीज़ है जो नौ से 14 सितंबर 2025 तक खेली जाएगी।

# सोनी बेकर द. अफ्रीका के खिलाफ करेंगे अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण

- **सोनी बेकर ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में 9 विकेट हासिल किए**



**हेडिंग्ले, वार्ता।** हैम्पशायर के तेज गेंदबाज सोनी बेकर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। 22 वर्षीय बेकर ने अब तक केवल 11 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन हंड्रेड के दौरान उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में नौ विकेट लिए। उन्होंने सर्दियों में लायंस के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इस साल की शुरुआत में उन्हें इंग्लैंड का अनुबंध मिला। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्से इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में उनके साथ शामिल होंगे। हैरी ब्रुक दूसरी श्रृंखला में एकादश की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जेमी स्मिथ और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाये रखा गया है। पहले एकदिवसीय मैच के लिए इंग्लैंड की एकादश इस प्रकार है:- जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और सन्नी बेकर।

# टेनिस प्रीमियर लीग का ऐतिहासिक सातवां सीजन अहमदाबाद में

**मुंबई, वार्ता।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्व. विद्यालय टेनिस स्टेडियम आयोजित होगा। महाराष्ट्र के बाहर पहली बार आयोजित होने वाले टीपीएल के सातवें सीजन में लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों द्वारा समर्थित आठ-फ्रैंचाइजी प्रतियोगिता में एटीपी रैंकिंग में 30 से 50 के बीच रैंकिंग वाले अंतर्राष्ट्रीय टेनिस सितारे, दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित भारत के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे। टीपीएल के सह-संस्थापक, कुणाल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि हमें टीपीएल को पहली बार गुजरात में लाकर खुशी हो रही है। शहर की ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और खेलों के प्रति जुनून इसे एक आदर्श मेजबान बनाते हैं। सातवां सीजन अहमदाबाद के प्रशंसकों के लिए विश्व स्तरीय टेनिस एक्शन प्रदान करते हुए एक विशेष संस्करण होने का वादा करता है। गुजरात टेनिस संघ के सचिव श्रीमल भट्ट ने कहा कि गुजरात के इतिहास में पहली बार, 30 से 50 वर्ष की आयु के शीर्ष एटीपी रैंकिंग वाले खिलाड़ी हमारे राज्य में आ रहे हैं। यह गुजरात में टेनिस के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा।

# दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को, मलेशिया ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बांग्लादेश को हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं मलेशिया की टीम ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से रौंदा। बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम, खेले गए क्वार्टर फाइनल के ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 के विशाल अंतर से परा. जित कर सुपर फोर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

मैच की शुरुआत से ही दक्षिण कोरियाई टीम ने अपनी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी डेन सोन ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया का दबदबा बना रखा 16वें मिनट में सिंगबू ली ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 22वें मिनट में सेयोंग ओह ने चौथा गोल दागकर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया। इसी दौरान 22वें मिनट में ही शोहानुर शोबुज ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बांग्लादेश की टीम के लिए गोल किया। मैच के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया ने उन्हें मिले पेनाल्टी स्ट्रोक को अनुभवी खिलाड़ी जिहुन यांग ने गोल दागकर 5-1 के स्कोर के साथ अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। वहीं एक अन्य मैच में मलेशिया ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से हराया।

# वेस्ट दिल्ली लायंस ने जीता डीपीएल का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** नितीश राणा (एक विकेट/79रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 का खिताब अपने नाम किया।

अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 173 रनों का स्कोर खड़ा किया। युगल सैनी ने 48 गेंदों में 65 रन बनाये। प्रांशु विजयरन ने 25 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली। आर्यन राणा (21), सिद्धार्थ जून (10) और जोंटी सिद्धू ने 10 रनों का योगदान दिया। मैच की शुरुआत में ही किंग्स का शीर्ष क्रम दबाव में लड़खड़ा गया और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। एक समय तो वे 78/6 के स्कोर पर लड़खड़ा रहे थे और वेस्ट



- **नितीश राणा ने एक विकेट लेकर 79 रनों की पारी भी खेली, वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंटर दिल्ली किंग्स को हराया**

दिल्ली लायंस पूरी तरह से नियंत्रण में दिख रही थी। जब युगल सैनी और प्रांशु विजयरन क्रीज पर आए तो कहानी नाटकीय रूप से बदल गई। दोनों ने धैर्य, संयम और चतुराई भरे शॉट चयन का परिचय देते हुए सातवें विकेट के लिए 78 रनों की शानदार साझेदारी की। युगल ने 48 गेंदों पर 65 रनों की दृढ़ पारी खेलकर पारी को संभाला, जिसमें लगातार रन बनाने के साथ-साथ समय पर चौके भी शामिल थे। दूसरे छोर पर, प्रांशु ने शानदार आक्रामक खेल दिखाया और सिर्फ़ 24 गेंदों पर नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। अंतिम ओवरों में उनके निडर स्ट्रोक्स ने सुनिश्चित किया कि किंग्स न केवल वापसी करें, बल्कि लायंस के शुरुआती दबदबे को कम करते हुए शानदार लय भी बनाए रखें।वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए मनन भारद्वाज और शिवांक वशिष्ठ ने दो-दो विकेट लिये। नितीश राणा, शुभम दुबे, मयंक गुसाई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सेंट्रल दिल्ली किंग्स के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरुण पुंडीर ने लगातार दो विकेट झटके, जिससे पांचवें ओवर में ही 48/3 के स्कोर पर लायंस की स्थिति खराब हो गई। ऐसे संकट के समय कप्तान राणा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने मयंक गुसाई के साथ मिलकर 42 रनों की साझेदारी करके टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। गुसाई (11 गेंदों पर 15 रन) तेजस बरोका का शिकार बने, लेकिन तब तक कप्तान ने नियंत्रण हासिल कर लिया था। इसके बाद राणा को ऋतिक शौकीन के रूप में एक आदर्श साथी मिला और दोनों ने सुनिश्चित किया कि आगे कोई झटका न लगे।

# केरल पर्यटन मंत्री आज सीताथोर्ड कायकिंग उत्सव का करेंगे उद्घाटन

- **प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष-महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में होगा**

**पथनमथिट्टा, वार्ता।** केरल के पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास मंगलवार को सीताथोड़े में राज्य पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कोडियेरी बालकृष्णन मेमोरियल सीताथोड कयाकिंग महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

सुबह 9:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक केयू जनीश कुमार करेंगे जबकि उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार कोन्नी में सीताथोड़े अग्निशमन केंद्र के पास कक्कट्टार नदी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाएंगे। पर्यटन विभाग के अंतर्गत केरल एडवेंचर टूरिज्म प्रमोशन सोसाइटी (केएटीपीएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को तकनीकी रूप से केरल कयाकिंग सोसाइटी और कैनोइंग एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष, महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में किया जाएगा जो 15 वर्ष से अधिक आयु के कयाकरों के लिए खुली है। कुल 110 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है जिनमें पुरुष एकल में 40, महिला एकल में 14, पुरुष युगल में 34, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में 14 प्रतिभागी शामिल हैं। इस महोत्सव में केरल के बाहर चार राज्यों से 12 कयाकर तथा यूक्रेन और नेपाल से दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य है जबकि कयाक, जैकेट और पैडल केएटीपीएस द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### रुड़की शहर व देहात जिलाध्यक्ष पद को कांग्रेस ने की राय शुमारी शुरू

# देहात में मुस्लिम पर दावा लगाए, तो होगा सियासी फायदा!

## मुस्लिम समाज के किसी सियासी सूझबूझ व पढ़े लिखे व सर्व समाज की पहचान वाले को लाया जाए मैदान में

अख्तर मलिक

**रुड़की।** मिशन 2027 को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने शहर व देहात क्षेत्र में पार्टी जिलाध्यक्ष पद के लिए राय शुमारी शुरू कर दी है जिसके लिए बाकायदा कांग्रेस के आला नेताओं ने रुड़की शहर व देहात में जिला अध्यक्ष को तलाश करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव को बतौर पर्यवेक्षक क्षेत्र में भेजा है। जो पार्टी कार्यकर्ताओं नेताओं से मशवरा कर एक मजबूत जिलाध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

अब ऐसे में कांग्रेस को अगर 2027 के विधानसभा चुनाव में अपना बेहतर प्रदर्शन करना है तो कांग्रेस को रुड़की ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर किसी मजबूत मुस्लिम पढ़े-लिखे काबिल कार्यकर्ता पर दांव लगाना बेहतर होगा। ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस मुस्लिम समाज के जिला अध्यक्ष के जरिए मुस्लिम समाज को एकजुट कर सकती है जिसका 2027 में कांग्रेस को बडा सियासी फायदा होगा। ऐसा नहीं है कि शहर व देहात में कांग्रेस के पास मजबूत वफादार मुस्लिम समाज के कार्यकर्ता व नेता नहीं है। अगर कांग्रेस के पर्यवेक्षक 2027 को वाकई में फतेह करना चाहते हैं तो ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर उन्हें ऐसे मजबूत वफादार निष्ठावान कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपनी होगी जो पार्टी का वफादार होने के साथ पढ़ा लिखा व हर समाज में मजबूत पकड़ रखने वाला जाना पहचाना चेहरा हो। जिसकी हर वर्ग समाज में सीधी शिनाख्त हो जो बेबाकी के साथ कांग्रेस की रीती नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की काबिलियत रखता हो।

**❖2027 में मुस्लिम जिलाध्यक्ष के जरिये समाज को किया जा सकता है एकजुट**

इसलिए कांग्रेस को इस बार कम से कम ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर ऐसे ही मजबूत सर्व समाज में पहचान रखने वाले निष्ठावान वफादार चेहरे का जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप कर मुस्लिम समाज को 2027 में पार्टी के हक में एकजुट करना होगा और अगर कांग्रेस के आला नेताओं ने इस पर गंभीरता से गौर नहीं किया तो फिर 2027 में मुस्लिम समाज में एक बार फिर बिखराव लाजमी होगा। क्योंकि 2027 में बसपा का भी मुस्लिम समाज ही सीधा-सीधा टारगेट होगा। और ऐसा भी नहीं है कि मुस्लिम समाज के कांग्रेसी अपनी ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर दावेदारी नहीं ठोकेंगे। कई दावेदार मैदान में होंगे अब ऐसे में कांग्रेस के पर्यवेक्षक के व आला नेताओं को तय करना है कि कौन 2027 में उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता है। कौन अपने समाज को एकजुट करके कांग्रेस के साथ लामबंद कर सकता है। कौन सर्वसमाज में अपनी मजबूत पकड़ के साथ जाना पहचाना चेहरा भी है। यह तो अब कांग्रेसियों को ही तय करना है लेकिन 2027 के विधानसभा चुनाव को फतह करने के लिए ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर मुस्लिम समाज के किसी दमदार पढे लिखे निष्ठावान काबिल कार्यकर्ता पर ही दावा लगाना पार्टी के हक में बेहतर फैसला होगा।

## कांग्रेस का वोट बैंक बनकर रह गया मुसलमान

**❖अगर मुस्लिमानों ने अपना सियासी रहनुमा न चुना या किसी भी दल के साथ एकजुटता न दिखाई, तो फिर यूं ही पिटता रहेगा समाज**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सूबे व खासकर जनपद हरिद्वार की बात करें तो मुस्लिम समाज केवल कांग्रेस का वोट बैंक बनकर रह गया है और कांग्रेस भी मुसलमान को वोट बैंक के तौर पर ही इस्तेमाल करती आ रही है या यह कहे कि कांग्रेस मुसलमानों को वोट बैंक तक ही सीमित रखना चाहती है। भले ही कांग्रेस की सत्ता रही हो या ना रही हो लेकिन अभी तक सूबे में मुस्लिम समाज केवल कांग्रेस का वोट बैंक ही रहा है।

जब चुनाव नजदीक आते है तो कांग्रेस के बड़े नेता मुसलमान के बीच पहुंच जाते हैं और फिर मुस्लिम समाज के ही कुछ ठेकेदारों के सहारे उनके बीच घुसपैठ करते हैं। या उन्हें अपने फायदे की बयान बाजी के जरिए अपने नजदीक लाने की कोशिश करते हैं उन्हें यह एहसास करते हैं कि अगर हम नहीं होंगे तो तुम्हें विपक्षी दलों (खासकर भाजपा) के जरिये फना कर दिया जाएगा। लेकिन जब मुसलमान किसी विपदा में होते हैं तो कांग्रेस का कोई वाला नेता उनके साथ नहीं खड़ा होता। अब इसमें गलती कांग्रेस की भी नहीं है मुसलमान अपनी इस हालात के लिए खुद जिम्मेदार हैं। ऐसा भी नहीं है कि मुसलमान में सियासी सूझबूझ व काबिल पढ़े लिखे नेता कार्यकर्ता नहीं है। लेकिन जो मुस्लिम समाज के हितेषी काबिल है उनकी अपना मुस्लिम समाज भी नहीं सुनता है। मुस्लिम समाज कांग्रेस के बड़े नेताओं के बहकावे में आसानी से आ जाता है जबकि उत्तराखंड में मुसलमानकी सबसे ज्यादा हितेषी बनने वाली कांग्रेस ने आज तक मुसलमान के लिए कुछ नहीं किया है। राज्य में कांग्रेस की सरकार के दौरान मुसलमानों का कांग्रेस सरकार ने जरा भी भला नहीं किया है। उत्तराखंड में मुसलमान का सबसे बड़ा हितेषी बनने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी मुसलमान का केवल वोट के रूप में इस्तेमाल किया है। सरकार का मुखिया रहते हुए भी कभी उनके भले के लिए कुछ नहीं किया है। लेकिन फिर भी मुस्लिम समाज आंख बंद कर कांग्रेस पर ही भरोसा करता है पर कांग्रेस से कोई यह भी नहीं पूछता है कि जब वह एक तरफा हार हो या जीत कांग्रेस की सपोर्ट करता हैं तो फिर वह उनके सुख-दुख में क्यों नहीं खड़े होते हैं। क्यों उनके हितों की रक्षा नहीं करते हैं। इस बार यह जवाब भी कांग्रेसियों से मुस्लिम समाज को पूछना पड़ेगा। तभी आगे चलकर उनका कुछ भला होगा वरना मुस्लिम समाज यहां यूं ही बिखरता रहेगा और पिटता रहेगा और कांग्रेस मुसलमानों को भाजपा का डर दिखाकर अपना सियासी फायदा उठाती रहेगी। इसलिए हमें पूरी सियासी सूझबूझ के साथ अपना हित सोचकर सियासी फैसला करना होगा।

## ज्ञानदीप में एनसीसी जूनियर विंग का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** आज शिव पुरम पनियाला रोड स्थित ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में एनसीसी की जूनियर विंग का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस. चक्रवर्ती, एडम आफिसर कर्नल अजय नौटियाल, सूबेदार जगदीप (एनरौलमेंट आफिसर),हैड आफिसर सत्यनारायण, हवलदार गौतम ,10 यू के बटालियन एनसीसी ,रुड़की उपस्थित रहे। प्रबंधक श्री वासुदेव पंत तथा प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने प्रबंध समिति के सदस्यों श्री प्रेम बल्लभ देवरानी, श्री आनंद प्रकाश भारद्वाज एवं श्री जयप्रकाश जोशी के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सूबेदार जगदीप एनरौलमेंट आफिसर) ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर का मुख्य उद्देश्य देश के छात्रों को अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बनाना है तथा छात्रों के युवा मन में आत्मविश्वास, साहस, शिष्टाचार और विजयी प्रवृत्ति जैसे गुणों का विकास करना है। उन्होंने चयनित कैडेटों को बधाई दी और एनसीसी के लाभों और मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने मुख्य अतिथि को उनके बहुमूल्य विचारों के लिए धन्यवाद दिया। प्रबंधक श्री वासुदेव पंत ने एनसीसी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह छात्रों को एक बहुमुखी व्यक्तित्व बनाने में मदद करती है।



## रुहालकी में भाजपा नेता सुबोध राकेश का हुआ जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर/ज्वालापुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के रुहालकी किशनपुर गाँव में चौहान समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा नेता सुबोध राकेश का स्वागत कर उन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव में समर्थन देने एलान किया। उन्होंने कहा कि ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र में 2027 मजबूत नेता नेतृत्व करें वहीं यहीं चाहते हैं। सुबोध राकेश की कार्यशैली उन्होंने देखी है 24 घंटे जो क्षेत्र की सेवा में लगे रहते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को बदहाली से निकालने के लिए वह 24 घंटे कार्य करने को तैयार है। क्षेत्र के मुख्य मार्गों को सबसे पहले बनाने का कार्य होगा। जहां भी नालों की आवश्यकता होगी वहां नाले निमार्ण कार्य करके जलभराव की समस्या से मुक्त करेंगे।इस दौरान अंकित कुमार जी, कुलजीत चौहान जी, उधम सिंह जी, संजीव सिंह जी, राजीव जी, प्रवीन कुमार जी, ऋषिपाल सिंह जी, दिनेश चौहान जी, चंदन सिंह जी, बलदेव सिंह जी, सतेन्द्र चौहान (मिक्का )जी, प्रदीप चौहान जी, अतुल कुमार जी, ओमीचंद जी, राजू दाल वाला जी, दीपक चौहान जी, अशोक जी, पंडित गौतम जी, सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नारसन मे बनेगा वे साइड अमीनिटीज, सीएलएफ हुई वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**गुरुकुल नारसन।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के निर्देशों के अनुसार, सोमवार को नारसन विकासखंड के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नारसन विकासखंड के सकौती गांव में प्रस्तावित वे साइड अमीनिटीज (सड़क किनारे यात्री सुविधा केंद्र) के निर्माण पर चर्चा करना था। बैठक में विकासखंड की समस्त कलस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के पदाधिकारी शामिल हुए।

जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना ने सीएलएफ पदाधिकारियों को वे साइड अमीनिटीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत किन-किन कार्यों को किया जाएगा और फंड का उपयोग कैसे होगा। यह सुविधा केंद्र यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के केंद्र लोगों को साफ-सुथरे वातावरण के साथ-साथ शौचालय, पार्किंग, जलपान और स्थानीय उत्पादों की बिक्री की सुविधा प्रदान करते हैं। यह केंद्र स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। इस परियोजना के लिए फंड के उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सीएलएफ के पदाधिकारियों ने इस परियोजना को लेकर अपनी उत्सुकता दिखाई और इसे सफल बनाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट की संभावना के मद्देनजर

## सीडीओ ने अधिकारियों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट एवं भारी वर्षा के मद्देनजर जनपद में जलभराव की स्थिति एवं किसी घटना से निपटने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील सभागार लक्सर में जिला आपदा प्रबंधन के बैठक आहूत की गई जिसमें जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि तहसील लक्सर जलभराव की दृष्टिगत सवेंदनशील है इसके लिए यह जरूरी है कि यदि भारी वर्षा के कारण किसी भी क्षेत्र में जलभराव के स्थिति उत्पन्न होती है तो जलनिकासी के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जलनिकास का कार्य त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि भारी वर्षा के कारण यदि कोई परिसंपत्ति एवं परियोजना क्षतिग्रस्त होती है तो उसका तत्काल आंकलन करते हुए आंकलन प्रस्ताव फोटोग्राफ सहित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को उपलब्ध करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति एवं कोई घटना गठित होने पर इसकी सूचना तत्काल जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के कंट्रो रूम एवं बाढ़ चौकियों के कंट्रोल रूम में तत्काल सूचना उपलब्ध करना सुनिश्चित करे ताकि तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जलभराव के स्थिति एवं कोई घटना गठित होने पर लोगों को बनाए जाए राहत शिविर में पहुंचने की कार्यवाही सुनाश्चित की जाए इसके लिए उन्होंने सभी राहत शिवरों में खाद्य सामग्री, बिस्तर,पानी, विद्युत एवं शौचालय की व्यवस्था भी सुनाश्चित कर की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग,जल् संस्थान एवं पेयजल निगम को निर्देश दिए है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल विद्युत व्यवस्था सुचारू की जाए तथा क्षेत्र में फील्ड कर्मचारियों से झूलती तारों का भी निरीक्षण किया जाए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने पर पेयजल आपूर्ति तत्काल सुचारू कराई जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल,आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, तहसीलदार लक्सर ,सीओ लक्सर नताशा सिंह, डीएसओ तेजबल सिंह,एसीएमओ डॉ अनिल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिआरी अतुल प्रताप सिंह, एनडीआरएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार,अधिशासी अभियंता यूपीसीएल देवेंद्र कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी विमल कुमार, तहसीलदार लक्सर प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को शांति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक नवीन कुमार कांस्टेबल पवन नेगी कांस्टेबल लाल सिंह मय वाहन सरकारी के रवाना शुदा देखरेख क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में थाना क्षेत्र में मामूर थे। दौराने गस्त हम पुलिस कर्मचारी गणों को सूचना मिली कि पश्चिमी अंबर तालाब रुड़की क्षेत्र में एक व्यक्ति आमदा फसाद हो रहा है, इस सूचना पर हम पुलिस कर्मचारी गण मौके पर पहुंचे तो वहां पर मोनू पुत्र पालाराम निवासी पश्चिमी अंबर तालाब रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार अपनी बहू के साथ पैतृक जमीन को लेकर आमदा फसाद हो रहा था, जिसे हम पुलिस कर्मचारी गणो द्वारा समझाया गया परंतु नहीं माना और अधिक उग्र होकर आमदा फसाद पर उतारू होने लगा, जिस कारण शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत अभियुक्त उपरोक्त को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## पार्षद व दूसरे पक्ष के बीच हुए विवाद में हुआ समझौता

**रुड़की।** पार्षद और दूसरे पक्ष के बीच हुए विवाद में मौजीज लोगों के बीच बैठकर समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने आपसी मनमुटाव खत्म करते हुए भविष्य में कोई विवाद न करते हुए प्रेम सद्भाव से रहने की बात कही है। शनिवार को सोत मोहल्ले में पार्षद शिवम अग्रवाल द्वारा बुजुर्ग को थप्पड़ मारे जाने के बाद दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया था। शिवम का आरोप था कि बुजुर्ग द्वारा गाली गलौज की गई है। मामले में दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव हुआ इसके साथ ही कोतवाली में भी लात घूंसे चले थे। दोनों पक्षों लईक अहमद और शिवम अग्रवाल की ओर से पुलिस को तहरीर देने के साथ ही मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की थी। वहीं अब दोनों पक्षों के बीच मौजीज लोगों के द्वारा समझौता करवाया गया है। दोनों पक्षों को सख्त हिदायत दी है कि किसी प्रकार का विवाद भविष्य में न करें और न ही कोई पोस्ट आदि सोशल मीडिया पर इस संबंध में डाली जाए। वहीं दोनों पक्षों ने भी आपसी मतभेद समाप्त करते हुए प्रेम और सद्भाव से साथ रहने की बात कही है।

## बारिश ने फीकी की उर्स की रौनक, व्यापारियों की उम्मीदों पर फिरा पानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स का आठवाँ दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। सोमवार सुबह से हो रही तेज बारिश ने दरगाह क्षेत्र और मेला मैदान की रौनक को फीका कर दिया। जगह-जगह पानी भरने और कीचड़ बनने से जायरीनों की आवाजाही प्रभावित रही। बारिश का असर सीधे तौर पर दुकानदारों और व्यापारियों की आमदनी पर पड़ रहा हैं। उर्स में बाहर से आए दुकानदारों कि दुकानें ठीक से लग भी नहीं पाईं और बारिश ने सारा इंतजाम बिगाड़ दिया। गीली मिट्टी और कीचड़ की वजह से तिरपाल और सामान जम नहीं पा रहे, कई दुकानदारों का सामान भीगकर खराब हो गया है। उनका कहना है कि कारोबार ठप होने से भारी नुकसान की आशंका बढ़ गई है।आमतौर पर इस समय तक मेला क्षेत्र में जायरीनों की चहल-पहल बढ़ जाती है, लेकिन बारिश के बाद चारों ओर सन्नाटा पसर गया। छोटे दुकानदार ही नहीं, बल्कि बड़े होटल, ढाबा और स्थानीय व्यापारी भी मायूस नजर आए। उनका कहना है कि उर्स के दौरान ही पूरे साल का खर्च निकलता है, लेकिन मौसम की मार ने इस बार उम्मीदों को धक्का पहुँचाया है।व्यापारियों ने प्रशासन से पानी निकासी और कीचड़ हटाने की व्यवस्था की मांग की है, ताकि हालात सामान्य हो सकें और जायरीनों व दुकानदारों दोनों को राहत मिले। बाहर से आए दुकानदारों ने कहा हम कई किलोमीटर दूर से आए हैं, लेकिन बारिश और कीचड़ ने दुकानें लगाने ही नहीं दीं। अब तो खर्च निकलना भी मुश्किल लग रहा है।

### लगातार बारिश ने उर्स क्षेत्र की रौनक को कर दिया फीका

## जेएम ने लिया मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स को शुरू हुए आठ दिन का समय हो गया है। सोमवार की सुबह से हो रही तेज बारिश ने दरगाह क्षेत्र और मेला मैदान की रौनक को फीका कर दिया। जगह-जगह पानी भरने और कीचड़ होने से जायरीनों की आवाजाही प्रभावित रही। बारिश का असर बाहरी व स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों पर ही नहीं उर्स की व्यवस्थाओं पर भी पड़ा है। साबिर पाक के 757 वे सालाना उर्स के दौरान सोमवार की सुबह से हो रही बारिश का असर उर्स के दौरान की जा रही व्यवस्थाओं पर पड़ता नजर आ रहा हैं।उर्स में रोजगार करने आए बाहर के दुकानदार अभी अपनी दुकानें ठीक से लग भी नहीं पाए थे और बारिश ने सारा इंतजाम बिगाड़ दिया। बारिश से गीली मिट्टी और कीचड़ की वजह से दुकान लग नहीं पा रही है और कई दुकानदारों का सामान भीगकर खराब होने की कगार पर है। उनका कहना है इस बार उर्स में बारिश के कारण कारोबार ठप होने से भारी नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। अगर देखा जाय तो उर्स में इस समय तक मेला क्षेत्र में जायरीनों की चहल-पहल बढ़ काफी अधिक बढ़ जाती है। लेकिन बारिश के बाद चारों ओर कीचड़ वो जल भराव होने से मेला क्षेत्र में सन्नाटा पसर पसरा हुआ। छोटे दुकानदार से लेकर बड़े होटल, ढाबा और स्थानीय व्यापारी भी इस बार बारिश के कारण मायूस नजर आ रहे हैं।व्यापारीयो का कहना है कि उर्स के दौरान ही कुछ कमाई कर पूरे साल का खर्च निकल जाता है। लेकिन इस बार मौसम की मार ने उनकी उम्मीदों को पानी फिरता नजर आ रहा है। बाहरी व स्थानीय दुकानदारों व व्यापारियों ने प्रशासन से पानी निकासी और कीचड़ हटा कर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।बाहर से आए दुकानदारों का कहना है कि हम अलग अलग जगहों से आए हैं लेकिन बारिश और कीचड़ के कारण दुकानें लगाने में भारी परेशानी हो रही है, अगर ऐसा ही रहा तो अब यहां समान लेकर आना और उसका खर्च निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। बारिश के कारण अस्थाई दुकानों व उर्स में लगने वाले बड़े होटल के स्थानों पर जल भराव होने से अब बड़ी परेशानी हो गई है ऐसे में होटल को लगाना भी मुश्किल हो रहा है। बारिश के कारण दरगाह के बाजारों व मेला कोतवाली के मुख्य गेट पर जलभराव वी कीचड़ होने के कारण वहां से गुजर रहे पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कलियर पहुंचकर बारिश में पूरे मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।



## नारसन क्षेत्र में रात भर हुई बारिश से खेत जलमग्न, किसानों की बढ़ी चिंता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** रविवार रात नारसन क्षेत्र में भारी बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रात भर हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई किसानों के खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। खेतों में पानी भर जाने से धान ,गन्ना और चारे की फसल को भारी नुकसान की संभावना है, जिससे किसान चिंतित हैं।

स्थानीय किसानों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी खेतों से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस वजह से खड़ी फसलें डूब गई हैं। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द खेतों से पानी निकालने और मुआवजे की मांग की है। बारिश से प्रभावित एक किसान ने बताया, ष्इस साल अच्छी फसल की उम्मीद थी, लेकिन इस बारिश ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में कई फीट तक पानी जमा हो गया है। अगर जल्द ही पानी नहीं निकला तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी।



# भारत की कूटनीतिक जीत

ट्रम्प से जारी टैरिफ वॉर के बीच चीन के तीसरे बड़े तियानजिननगर में हुए एससीओ समिट में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भारत की कूटनीतिक जीत है। भारत की इस जीत में रूस की भूमिका भी काफी अहम रही है। एससीओ समिट में मोदी–पुतिन और जिनपिंग की जुगलबंदी भी अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओद्ध के शिखर सम्मेलन में भारत ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। एससीओ के साझा घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा की गई और पहलगाम आतंकी घटना की भर्त्सना हुई। यह पीएम मोदी की कूटनीतिक जीत है। चीन जो अभी तक पहलगाम पर चुप्पी साधे था और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त खुल कर पाकिस्तान के पक्ष में था, वह भी इस घोषणापत्र से सहमत हो गया। दरअसल भारत को यह उपलब्धि हासिल करवाने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूरा सहयोग किया। यह निंदा उस मंच से की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन भी आमंत्रित नेताओं में से थे। इनके अलावा सैन्य परेड में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के राष्ट्रप्रमुख पहुंच रहे हैं। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन गए थे। यह 2001 में बना था, तब चीन और रूस के अलावा कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान इसके सदस्य देश थे। 2017 में भारत भी इस संगठन में आ गया। उसी वर्ष पाकिस्तान भी अस्ताना के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान भी इसका सदस्य देश बना था। आज इसमें बेला रूस को मिला कर 10 देश हैं। इसका पिछला शिखर सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को हुआ था। उसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं शरीक हुए थे। तब विदेश मंत्री एस। जयशंकर गए थे। 2024 के इस शिखर सम्मेलन में रूस और चीन से पुतिन तथा शी की बजाय उनके देशों के प्रधानमंत्री पहुंचे थे। इसके विपरीत 2025 में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के 30 और 31 अगस्त के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री स्वयं गए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने अमेरिका और उसकी लाबी के देशों से कोई दूरी बना ली हो। भारत आज भी क्वाड से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के चीन पहुंचने के पूर्व जापान भी गए थे, जो क्वाड का महत्त्वपूर्ण देश है। इस तरह उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अमेरिका के प्रति वे कोई कटुता नहीं पाले है। तियानजिन चीन का तीसरा बड़ा शहर है। चीन ने टेक्नोलॉजी में जो तरक्की की है, उसका प्रदर्शन भी किया गया। चीन ने अपनी एआई तकनीक की क्षमताओं का प्रदर्शन भी किया। जो भी उसकी इस तरक्की को देखता है उसकी आँखें फटी की फटी रह जाती हैं। चीन टेक्नोलाजी में अमेरिका से जरा भी पीछे नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि चीन भले पड़ोसी हो और आर्थिक रूप से समृद्ध हो किंतु आज भी वह आर्थिकी में अमेरिका के मुकाबले आधा ही है। अमेरिका 30 ट्रिलियन डॉलर पर खड़ा है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था 18 ट्रिलियन डॉलर की है और भारत मात्र 4 ट्रिलियन डॉलर पर टिका है। इसलिए जाहिर है व्यापार के लिए अमेरिका ही अकेला ऐसा देश है, जहां भारत अपना माल बेच सकता है, खपा सकता है, मगर कोई भी देश अपना स्वाभिमान खत्म कर व्यापार नहीं कर सकता।

## सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी



लोगों से अपील है कि वे धर्म काज से मंत्री–नेताओं को दूर रखें, धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है, राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं, आग लगाए बिना नहीं रहते, सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी, धर्म कार्य, समाज कार्य और राजनीति कार्य अलग– अलग हैं। धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है, कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं, इससे विकास और रोजगार का विषय दोयम दर्जे का हो जाता है, बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं, लेकिन मुझे अनुभव है कि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने की मनाही है।

**–नितिन गडकरी**
**केंद्रीय मंत्री**



# जल प्रलय के सन्देश



तनवीर जाफरी

भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिए सबसे जरूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिए सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियां भारत से होते हुए पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहां की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज बारिश यहां तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई जिले तो ऐसे भी थे जहां केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150–200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्रायः फेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व गैर जिम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहां तक कि मरे जानवर से लेकर रजाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फेंक देने जैसी गैर जिम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुंच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर आ गईं थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहां रावी, सतलुज और चेनाब नदियां प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनजर भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियां जारी कर दी थीं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में करीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि–प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गईं। अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गईं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गईं। अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुए भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की खबर है।

अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1।5 लाख एकड़ फसल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गई। इन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को सितंबर–अक्टूबर में होने वाली रबी की फसलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रूपए का यह नुकसान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश–संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हजारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किए गए।

पंजाब और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिए जहां दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हजार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गई थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिए ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किए गए ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुनर्जनन के दौरान अंग की मूल आकृति का निर्माण

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली को. शिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं।

चाहे सुंदर दिखने के लिए या सफाई और सहूलियत के लिए हम कभी–कभी नाखून काटते हैं, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही वे वापस बढ़ जाते हैं। किरेटिन नामक प्रोटीन से बने नाखून हमें क्षति से सुरक्षित रखते हैं। यदि किसी नवजात शिशु की उंगली के ऊपरी पोर वाला हिस्सा (जोड़ के पहले तक की किसी जगह से) कट या टूट जाता है तो उंगली अपनी मूल आकृति में पुनरू बन जाती है।

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली कोशिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं। गौरतलब है कि स्टेम कोशिकाएं कई प्रकार की कोशिकाओं में तब्दील और विकसित हो सकती हैं। ये कोशिकाएं Wnt संकेत मार्ग को सक्रिय करती हैंय यह प्रक्रिया पुनर्जनन के लिए आवश्यक तंत्रिकाओं को आकर्षित करती है। छिपकली हमारे घरों में एक अनचाहा मेहमान है। हम अक्सर इसे मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर हाथ केवल इसकी पूंछ ही आती है। भगोड़ी छिपकली अपनी पूंछ छोड़कर भाग निकलती है और उसे फिर से बना लेती है, ठीक नवजात शिशु की घायल उंगली की तरह। इस प्रक्रिया की आणविक जैविकी का सार एलिजाबेथ हचिन्स और उनके साथियों ने 2014 में प्लॉसवन पत्रिका में प्रस्तुत किया था। इस प्रक्रिया को अंजाम देने में 300 से अधिक जीन शामिल होते हैं और इस दौरान घाव को भरने और पूंछ वापस उगाने के लिए कई विकासात्मक और घाव–प्रतिक्रिया पथ सक्रिय होते हैं। हालांकि जंतुओं और वनस्पतियों दोनों में घाव की मरम्मत सम्बंधी शोध पारंपरिक रूप से जीन–नियंत्रित क्रियापथों पर केंद्रित रहा है। लेकिन हालिया शोध विकासात्मक पादप विज्ञान में भौतिक संकेतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता हैं। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान IISER, पुणे की मेबेल मारिया मैथ्यू और कालिका प्रसाद ने हाल ही में करंट बायोलॉजी में प्रकाशित अपने एक अध्ययन में विकास और पुनर्जनन पर एक कम अध्ययन किए गए लेकिन महत्वपूर्ण कारक पर प्रकाश डाला हैरू कोशिकीय ज्यामिति। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में देखा की कि कैसे शंक्वाकार आकृति का मूलाग्र कट जाने के बाद पुनरू अपने आकार में पनप जाता है। उन्होंने पाया कि मौजूदा कोशिकाओं ने अपनी ज्यामिति को बदलकर नई बनी कोशिकाओं की कतार को एक तिरछे, झुके पथ पर संरेखित किया। अंततः को. शिकाओं की इन तिरछी पंक्तियों ने जड़ की शंक्वाकार आकृति का पुनर्निर्माण किया। तकनीकी शब्दों में, इस प्रक्रिया को आकृति–जनन कहा जाता है। आकृति–जनन वह जैविक प्रक्रिया है जो किसी जीव को उसका आकार और संरचना विकसित करने में मदद करती है। इसमें को. शिकाओं की समन्वित वृद्धि, विभाजन, विभेदन और व्यवस्थापन शामिल होता है जिससे ऊतक, अंग और यहां तक कि एक संपूर्ण जीव का निर्माण होता है। मूलाग्र पुनर्जनन की प्रणाली का अध्ययन सरसों परिवार के एरेबिडोप्सिस थैलिआना Arabidopsis thaliana पौधे पर किया गया था। इसमें यह समझा गया था कि को. शिका ज्यामिति में परिवर्तन आकृति–जनन में कैसे योगदान देते हैं और उसे सुगम बनाते हैं। उन्नत सूक्ष्मदर्शी और उपकरणों की मदद से टीम ने देखा कि जड़ों की सामान्य घनाकार कोशिकाओं की आकृति बदलकर समचतुर्भुज हो गई। फिर यह परिवर्तित कोशिकाएं विकर्ण रेखा पर विभाजित हुईं जिससे त्रिकोणीय प्रिज्म आकृति की कोशिकाएं बनीं। विकर्ण रेखा से विभाजन ने आस–पड़ोस की कोशिकाओं की वृद्धि को एक तिरछे पथ पर मोड़ा, जिन्होंने मिलकर कटा हुआ पतला सिरा फिर से बनाया। गणितीय और भौतिक विश्लेषण करने पर पता चला कि इन बदलावों के पीछे जो वास्तविक बल काम करता है वह है आंतरिक यांत्रिक तनाव। यह एक प्रकार का तनाव है जो कोशिकाओं को आकार बदलने और निर्धारित रूप से विभाजित होने के लिए उकसाता है। आकृति–जनन को समझने में जहां लंबे समय से स्टेम कोशिकाएं और जेनेटिक क्रियापथ अध्ययन का केंद्र रहे हैं, वहां यह अध्ययन एक अनदेखे महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालता हैरू कोशिकाएं तनाव में अपनी आकृति को कैसे ढालती हैं। यह दर्शाता है कि कोशिका की आकृति और ज्यामिति ऊतक पुनर्जनन के दौरान आकृति–जनन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**–डॉ. डी बालसुब्रमण्यन**

# गुमनामी बाबा के कमरे से निकला सामान खास क्यों है



विनीत नारायण

पिछले हफ्ते नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विषय में इस कॉलम में जो मैंने लिखा था उस पर बहुत प्रतिक्रियाएं आई हैं। पाठकों को और जानने की उत्सुकता है। इस विषय में यूट्यूब पर तमाम इंटरव्यू व रिपोर्ट्स हैं। वहां आप 'गुमनामी बाबा' या सुभाष चंद्र बोस' टाइप करके उन्हें देख सकते हैं। विशेषकर अनुज धर, चंद्रचूड़ घोष, शक्ति सिंह, डॉ दिनेश सिंह तोमर, आदि के इंटरव्यू व जी टीवी पर एक 'गुमनामी बाबा का बॉक्स नंबर 26' जैसी रिपोर्ट्स देख, सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

पिछले लेख में मैंने उनके कमरे से मिली 2760 वस्तुओं में से कुछ का जिक्र किया था। यहां उन सामानों में से कुछ और का विस्तार से वर्णन कर रहा हूं। ए सूची इतनी प्रभावशाली है कि केवल साधना करने वाले संत का सामान नहीं हो सकता। आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि 'गुमनामी बाबा' अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे? ए सूची जब मैंने देश के एक सबसे बड़े पुलिस अधिकारी रहे सज्जन को पढ़वाई तो वे भी दंग रह गए।

'गुमनामी बाबा' के कमरे में अंग्रेजी, बंगला व संस्कृत साहित्य की 304 पुस्तकें मिली हैं। वहीं 260 आध्यात्मिक पुस्तकें भी मिली हैं। मेडिकल साइंस पर 118, राजनीति व इतिहास पर 57, रहस्य और तंत्रशास्त्र पर 46, रामायण व महाभारत पर 36, सुभाष चन्द्र बोस पर 34, यात्रा वृतांत ग्रन्थ 33 व ज्योतिष और हस्तरेखा विज्ञान पर 12 पुस्तकें मिली हैं। अब जरा अंग्रेजी की पुस्तकों के लेखकों नाम और उनके लिखे ग्रंथों की संख्या देखिए, चार्ल्स डिकेंस (51), अलेक्सांद्र सोल्जेनित्सिन (11), विल ड्यूरांट (11), शेक्सपियर का लिखा सम्पूर्ण साहित्य व 9 नाटक, टी. लोबसांग रम्पा (10), वाल्टर स्कॉट (8), अलेक्जेंडर डुमास (8), एरिक वॉन डेनिकेन (4), पीजी वोडहाउस (3), कुलदीप नैयर (3) आदि पुस्तकें उनके बक्सों और अलमारी से निकली हैं। ऐसे उच्च कोटि के विश्व. विख्यात साहित्य को पढ़ने वाला कोई भजनानंदी साधु नहीं हो सकता। सभी जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक संपन्न व कुलीन परिवार से थे। आईसीएस (वर्तमान में आईएएस) की परीक्षा में, 1920 में उनकी चौथी रैंक आई थी। आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए 1921 में उन्होंने इतनी बड़ी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

उपरोक्त साहित्य के अलावा, उनके कमरे से रीडर्स डाइजेस्ट, अमरीकी पत्रिका टाइम, इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया, ब्लिट्ज, ऑर्गेनाइजर, जुगवाणी, द पायनियर, आज, अमृत प्रभात, अमृत बाजार पत्रिका, आनंद बाजार पत्रिका, दैनिक जागरण, द स्टेट्समैन, टेलीग्राफ, टाइम्स ऑफ इंडिया व अमर उजाला जैसी तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाएं और अखबार भी मिले हैं।

उनके बक्से में से उनके परिवार व निकट के लोगों के 110 चित्र मिले हैं। जिनमें नेताजी के माता–पिता का फ्रेम करा हुआ चित्र, मखमली कपड़े में लिपटा हुआ उनके बक्से में रखा था। शक्ति सिंह के अयोध्या स्थित घर, 'राम भवन' के जिस कमरे में गुमनामी बाबा रहते थे, उसमें दीवार पर मां काली का चित्र टंगा था। जिनकी वे रोज धूप–बत्ती जला कर पूजा करते थे। रोचक बात यह है कि 23 जनवरी को देश भर में जहां भी उनका जन्मदिन मनाया जाता था उसकी खबरों में से सुभाष चंद्र बोस की फोटो निकाल कर संग्रह की गई हैं। इसी बक्से से नेताजी की बचपन से मित्र रहीं और क्रांतिकारी संगठन की नेत्री लीला रॉय, पंडित नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद और महात्मा गांधी के चित्र भी मिले हैं।

उनके संगीत संग्रह में महिषासुरमर्दनी स्रोत की रिकॉर्डिंग, रवींद्र संगीत, नजरुल इस्लाम, श्यामा संगीत, केएल सहगल, ज्योतिका रॉय, उस्ताद फैयाज खघन, पं. रवि शंकर का सितार वादन, बिस्मिल्लाह खघं की शहनाई, नेताजी के बचपन से मित्र और मशहूर गायक दिलीप कुमार रॉय के गाए गीत, हेमंत कुमार के गीत, पन्नालाल घोष, लालन फकीर आदि की गायकी के रिकॉर्ड भी मिले हैं। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म 'सुभाष चंद्र बोस' का पूरा साउंडट्रैक भी मिला है। इंग्लैंड के टाइपराइटर और जर्मनी की बनी दूरबीन, जापानी क्रॉकरी, दो महंगी घड़ियां जिनमें से एक सोने की बनी ओमेगा घड़ी बिल्कुल वैसी है जैसी नेताजी की मां ने उन्हें जन्मदिन पर भेंट की थी, जिसे वो अक्सर पहना करते थे। दूसरी महंगी घड़ी रोलेक्स की है। गोल फ्रेम के 8 चश्में जिसमें से एक का फ्रेम शायद सफेद सोने का है। इन सब सामानों में सबसे भावुक वस्तु है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता जानकी नाथ बोस की एक पुरानी छतरी जो, उनकी यादगार के प्रतीक रूप में गुमनामी बाबा ने सहेज कर रख रखी थी। इस छतरी को नेता जी के भतीजी ललिता बोस ने पहचाना।

उनके कागजों में अयोध्या व काशी के विस्तृत नक्शे, भारत के सड़क मार्गों व फौजी ठिकानों के नक्शे, मध्य एशिया, मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के नक्शे, जिन्हें हाथ से बनाया गया था, भी वहां बरामद हुए हैं। उनके सबसे प्रिय साथी पवित्र मोहन रॉय की संपत्तियों के नक्शे व एक अन्य साथी अतुल कृष्ण गुप्तो की ढाका में छूट गई संपत्ति के नक्शे आदि भी मिले हैं। उनके रहन–सहन के स्तर दर्शाते हुए उनके कमरे से नहाने के 75 साबुन मिले हैं, जो महंगे ब्रांड के हैं, जैसे यार्डले, क्यूटीक्यूरा, पियर्स, पोंड्स, लेवेंडर व डडू आदि। सबको मालूम है कि सुभाष चंद्र बोस 'चेन स्मोकर' थे। वे लगातार सिगरेट पीते थे। उनके सामानों में 'गोल्ड फ्लैक' व 'इंडिया किंग्स', सिगरेट के कई पैकेट, रोल बनाकर सिगरेट बनाने वाले कागज के 15 पैकेट व इन कागजों में भरने वाले तंबाकू के पैकेट और इनको लपेट कर सिगरेट बनाने वाली छोटी सी मशीन, जो इंग्लैंड की बनी हुई है। 3 विदेशी पाइप व तम्बाकू के पैकेट, सिगरेट जलाने वाले लाइटर भी मिले हैं। उनके कमरे में अंग्रेजी व बंगला में हस्त लिखित 1683 पत्र भी मिले हैं। दो भारतीय और एक अमरीकी हस्तलेखन विशेषज्ञों ने यह प्रमाणित किया है कि इन पत्रों पर पाई जाने वाली लिखाई 1935–36 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखाई से पूरी तरह मेल खाती है।

पूजा के सामानों में तीन मुखी व छह मुखी रुद्राक्ष की, स्फटिक व तुलसी की 28 मालाएं मिली हैं। गौमुखी कमण्डल, आचमनी, शिवलिंग, शिवजी व मां काली के चित्र, मैहर की देवी का चित्र, चंदन की लकड़ियां, सिंदूर, आलता, शंख जिसे कान के पास लाने पर वह गूंजता है मिला है। गुमनामी बाबा के कमरे से 13 कमीजें, 4 पैंट, 31 बनियान, 31 चड्डी, 58 धो. तियां, 3 वार्मर, 2 दस्ताने, 2 बरसाती कोट, 30 तौलिए, 1 जैकेट, 2 जोड़ी काले जूते, 1 जोड़ी लाल जूते, चेरी ब्लॉसम की पॉलिश के डिब्बे, जूता चमकाने की क्रीम, खड़ाऊं, बंदर टोपी, 7 गद्दे, राजस्थानी रजाई जिस पर रेशम की कढ़ाई है, चादर व तकिए आदि भी मिले हैं। उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। अब आप खुद ही सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। आप सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इशारा ट्रम्प की ओर, जिनपिंग बोले: दादागिरी की राजनीति बर्दाशत नहीं

## ट्रम्प का नाम लिए बिना चीन के राष्ट्रपति का एससीओ के मंच से बड़ा हमला

**जिनपिंग ने ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय व समानता पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो**

**तियानजिन (चीन)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शुरुआत में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में धमकी वाले व्यवहार की कड़ी आलोचना की और अधिक निष्पक्षता, न्याय और बहुपक्षीयता की मांग की।

जिनपिंग की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी निंदा की है। फिलहाल अमेरिका और चीन ने टैरिफ पर एक अस्थाई समझौता किया है, जिसमें ट्रम्प ने बीजिंग पर भारी टैरिफ को फिर से 90 दिनों के लिए टाला है, ताकि बातचीत जारी रह सके। हालांकि, पिछले हफ्ते ट्रम्प ने फिर धमकी दी थी कि अगर चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेअर-अर्थ मिनरल्स) का निर्यात रोकेगा, तो वह 200 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने यह बात 20 से ज्यादा देशों के नेताओं के सामने कही, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे।

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कुछ शक्तिशाली देशों पर हठधर्मिता और शक्ति की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय और समानात पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो। जिनपिंग ने कहा, लगभग 24 साल पहले जब इस संगठन की स्थापना हुई थी, तब हमने 'शंघाई भावना' की नींव रखी थी। यह भावना आपसी विश्वास, आपसी लाभ, समानता, सलाह-मशविरा, सभ्यताओं की विविधता का सम्मान और साझा विकास की कोशिशों पर आधारित है। हमने अपनी सीमाओं पर सैन्य विश्वास बढ़ाने की व्यवस्था सबसे पहले की, जिससे हमारी लंबी सीमाएं दोस्ती, विश्वास और सहयोग का सेतु बन गईं।

हमने सबसे पहले आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन ताकतों के खिलाफ मिलकर बहुपक्षीय कार्रवाई शुरू की। हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को लगातार आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाया, मतभेदों को सही तरीके से संभाला और सुलझाया, बाहरी दखल का स्पष्ट रूप से विरोध किया और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखी। हमने सबसे पहले बेल्ट एंड रोड पहल की शुरुआत की हम हमेशा अंतर्राष्ट्रीय न्याय और निष्पक्षता के पक्ष में खड़े रहते हैं, सभ्यताओं के बीच समावेश और आपसी सीख को बढ़ावा देते हैं और प्रभुत्ववादी सोच और शक्ति की राजनीति का विरोध करते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, भविष्य को देखते हुए हमें आज की चुनौतियों और बदलावों से भरी दुनिया में श्शंघाई भावनाश को आगे बढ़ाना चाहिए। हमें मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने संगठन की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करना चाहिए। हमें मतभेदों को किनारे रखकर एकता की राह पकड़नी चाहिए, क्योंकि साझा लक्ष्य ही हमारी ताकत और लाभ का स्रोत हैं। मतभेदों के बीच समानता तलाशने की इच्छा, समझदारी और दूरदर्शिता को दर्शाती है। अपने भाषण में जिनपिंग ने आगे कहा, एससीओ के सभी सदस्य देश एक-दूसरे के दोस्त और साझेदार हैं।




**तियानजिन। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन की वैश्विक सफलता ने सदस्य देशों के नेताओं में जोश भर दिया है, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जब चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को (SCO) की खूबियां गिनाईं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भी खुशी से चकम उठा।**

# जिनपिंग का संयुक्त, डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**जिनपिंग ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया**

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है।

जिनपिंग तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोल रहे थे। जिनपिंग ने चीन की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में अपने संबोधन मे कहा कि हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष एससीओ सदस्य देशों के लिए दो अरब युआन (लगभग 28.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के अनुदान की घोषणा की, साथ ही एससीओ इंटरबैंक कंसोर्टियम के माध्यम से अगले तीन वर्षों में 10 अरब युआन के अतिरिक्त ऋण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अन्य एससीओ सदस्य देशों में चीन का संचई निवेश पहले ही 84 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। चीनी राष्ट्रपति ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया।

# भूकंप की तीव्रता और उसका असर...

## आंकड़ों के आईने में देश-विदेश में आए कुछ बड़े भूकंप

**नई दिल्ली।** भूकंप अमूमन हर दिन आते हैं। दुनियाभर में एक दिन में औसतन 55 झटके लगते ही रहते हैं। आइए जानते हैं कि रिक्टर स्केल पर किस तीव्रता का भूकंप कितना खतरनाक हो सकता है।

**0-1.9 तीव्रता:**

इसका एहसास सिर्फ सिस्मोग्राफ पर होता है, किसी को पता नहीं चलता।

**2-2.9 तीव्रता:**

हल्का कंपन महसूस होता है इंसान इसे महसूस कर सकता है।

**3-3.9 तीव्रता:**

ऐसा एहसास होता है जैसे करीब से कोई ट्रक गुज़रा हो।

**4-4.9 तीव्रता:**

खिड़कियां टूट सकती हैं दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं।

**5-5.9 तीव्रता:**

फर्नीचर जैसा भारी सामान हिल सकता है और जान-माल के खासे नुकसान की संभावना बन जाती है।

**6-6.9 तीव्रता:**

यह भूकंप विनाशकारी साबित हो सकता है। बड़ी से बड़ी इमारतों की नींव दरक सकती है और ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है।

**7-7.9 तीव्रता:**

इस तीव्रता वाले भूकंप में इमारतें तक ढह जाती हैं जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। यह भी बेहद विनाशकारी हो सकता है। पिछले साल फरवरी में तुर्की और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी जिसमें 50000 से अधिक लोग मारे गए और लाखों ज़ख्मी हुए थे। कई शहर पूरी तरह तबाह हो गए थे।

**8-8.9 तीव्रता:**

इस तीव्रता वाला भूकंप पूरे शहर को नुकसान पहुंचा सकता है। इमारतें और बड़े-बड़े पुल भी नहीं झेल पाते और ध्वस्त होकर गिर जाते हैं। साथ ही समुद्र में सुनामी आने का गंभीर खतरा बना रहता है।


**9 या उससे अधिक तीव्रता:**

यह सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप होता है। मैदान में खड़े शख्स को धरती लहराती हुई दिखाई देगी और बहुत बड़े सुनामी का खतरा रहेगा। इस तरह के भूकंप कभी-कभार ही आते हैं। अब तक दुनिया में सिर्फ 5 बार ही 9 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप आए हैं।

**दुनिया के कुछ सबसे भीषण भूकंप**

**1952 (रूस):** पांचवां सबसे बड़ा भूकंप, तीव्रता 9.0 दुनिया में यह पहली बार 9.0 की तीव्रता वाला भूकंप था। इस दौरान सुनामी आई और करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हो गई।

**1960 (चिली):** दुनिया का सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.5। इसे 'ग्रेट चिली अर्थक्वेक' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें करीब 1655 लोग मारे गए और 20 लाख से अधिक बेघर हुए।




**1964 (अलास्का, अमेरिका):** दूसरा सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.2 इसमें 130 लोग मारे गए और 2.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ।

**2004 (सुमात्रा, इंडोनेशिया):** तीसरा सबसे भीषण भूकंप। इसका असर भारत के अंडमान निकोबार द्वीप तक दिखा। बड़े-बड़े सुनामी लहरें उठीं जिसने कई देशों को अपनी चपेट में लिया। 2.80 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और दक्षिण एशिया व पूर्वी अफीका में 11 लाख लोग बेघर हुए।

**2011 (तोहोकु, जापान):** चौथा सबसे विनाशकारी भूकंप, तीव्रता 9.1। इससे पूरे क्षेत्र में सुनामी आ गई। 15,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.30 लाख से अधिक लोगों को घर छोड़ना पड़ा।

## देश में आए भूकंप...

**1. किन्नौर भूकंप, हिमाचल प्रदेश (19 जनवरी, 1975)**

- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** किन्नौर जिला, हिमाचल प्रदेश
- **प्रभाव:** यह भूकंप ऊपरी सतलुज घाटी में आया था। इसके कारण लगभग 60 लोगों की मौत हुई और कई गांवों में भारी क्षति हुई। भूस्खलन और चटानों के गिरने से भी काफी नुकसान हुआ था।

**2. बिहार-नेपाल भूकंप (21 अगस्त, 1988)**

- **परिमाण:** 6.9
- **स्थान:** भारत-नेपाल सीमा पर (बिहार में दरभंगा, सहरसा, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे जिले प्रभावित हुए)
- **प्रभाव:** इस भूकंप में भारत और नेपाल दोनों में 1000 से अधिक लोगों की जान गई थी, जिनमें से सैकड़ों भारत में थे। हजारों लोग घायल हुए और बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ।

**3. उत्तरकाशी भूकंप, उत्तराखंड (20 अक्टूबर, 1991)**

- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** उत्तरकाशी जिला, उत्तराखंड (तब उत्तर प्रदेश का हिस्सा)
- **प्रभाव:** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आए इस भूकंप में 760 से अधिक लोगों की मौत हुई और लगभग 5,000 लोग घायल हुए। हजारों घर नष्ट हो गए, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।

**4. लातूर भूकंप, महाराष्ट्र (30 सितम्बर, 1993)**

- **परिमाण:** 6.2
- **स्थान:** लातूर और उस्मानाबाद जिले, महाराष्ट्र
- **प्रभाव:** यह भारत के सबसे घातक भूकंपों में से एक था, क्योंकि यह एक स्थिर महाद्वीपीय प्लेट क्षेत्र में आया था, जहाँ भूकंपों की उम्मीद कम होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत



**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और उद्यमी कृति सैनन को लैंगिक समानता के लिए अपना मानद राजदूत नियुक्त किया है। कृति सैनन अपनी नई भूमिका में, महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और कल्याण की वकालत करेंगी और सशक्तिकरण, शिक्षा, लैंगिक हिंसा को समाप्त करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना समर्थन प्रदान करेंगी। कृति सनोन ने अपनी नई भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि लैंगिक समानता के लिए यूएनएफपीए इंडिया की मानद राजदूत के रूप में शामिल होकर मुझे बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है।

### क्रैश हुआ पाक सेना का हेलिकाप्टर, पांच जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित- बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए। मृतकों में दो अधिकारी भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

# भारत को कमतर आंकना नासमझी, मोदी और जिनपिंग की मुलाकात अमेरिका को एक बड़ा संदेश

**एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी व शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया**

**अमेरिका दबाव बनाना चाहता है, उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है: टैंगन**

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं।

दरअसल दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हुई, जब अमेरिका की ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीति ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचाई हुई है। एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह अमेरिका लिए एक कड़ा संदेश है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइहे इंस्टीटयूट के वरिष्ठ फेलो एइनार टैंगन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को मजबूर करना चाहते थे, लेकिन भारत जैसे देश को, जो बाजारों और श्रम के लिए इतना महत्वपूर्ण है, उसे कमतर आंकना, मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई दिल्ली के पास इस धौंस जमाने वाले देश का सामना करने का अवसर है। टैंगन ने एनडीटीवी पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग की यह बैठक केवल भारत और चीन के बारे में नहीं थी, बल्कि कई देशों की चिंताओं के बारे में भी थी, जो अमेरिका के टैरिफ से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह अहम पल है, जो वाशिंगटन को भारत के प्रति उसके मनमाने व्यवहार के लिए एक कड़ा संदेश देता है। टैंगन ने कहा कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाना चाहता है। उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है और अमेरिका को बता सकता है कि आप हमारे साथ औपनिवेशिक खेल नहीं खेल सकते और हमें चीन, रूस और कई अन्य देशों सहित एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खड़ा कर सकते। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत ने इसे अनुचित बताया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रम्प, भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का श्रेय न देने के लिए भारत से नाराज हैं और टैरिफ नीति के पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।

## अफगान में भीषण भूकंप के बाद हर ओर तबाही का मंजर

# वैश्विक संस्थाओं ने बढ़ाए मदद के हाथ

**भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी गई, कई शहरों में अधिकतर गांव तबाह हो गए**

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कम से कम 800 लोग मारे गए जबकि 2500 से अधिक घायल हुए हैं।

इससें कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सीबीएस न्यूज़ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी है और यह स्थानीय समयानुसार रविवार रात 11:47 बजे आया जिसका केंद्र नांगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से लगभग 27 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आठ किलोमीटर की गहराई में था। इसकी वजह से यह ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है।

भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए जिनमें आज सुबह 5.2 तीव्रता का एक हल्का झटका भी शामिल था जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आ गए। दक्षिण में 350 किलोमीटर से भी जयादा दूर काबुल और इस्लामाबाद तक इसके झटके महसूस किए गए, जहां इमारतें हिल गई थी। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान ने पुष्टि की है कि अधिकांश मौतें कुनार प्रांत में हुई जहां 610 से जयादा लोगों की मौत और 1300 से जयादा लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

नांगरहार में भी कम से कम 12 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है। आपदा क्षेत्र के वीडियो फुटेज में स्थानीय लोगों को अंधेरे में अपने हाथों से ढहे हुए घरों को खोदते हुए, मलबे के नीचे से जीवित बचे लोगों एवं शवों को बाहर निकालते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टरों और एम्बुलेंसों ने घायलों को अस्पतालों तक पहुंचाया जबकि अस्थाई स्ट्रेचरों की मदद से अन्य लोगों को चिकित्सा टीमों तक पहुंचाया जा रहा था।

# पुतिन से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## कहा: संकट में एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

**तियांजिन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा से दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बीच सोमवार को यहां तियांजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत तथा रूस हमेशा कठिन समय में एक दूसरे के साथ खड़े रहे हैं तथा उनकी साझेदारी दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन स्वदेश रवाना होने से पहले मोदी ने तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें सम्मेलन के समापन के बाद पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष के जल्द समाप्त होने की भी उम्मीद जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ संबंधों तथा नियमित संपर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं। इस वर्ष दिसम्बर में हमारे 23 वें शिखर सम्मेलन के लिए 140 करोड़ भारतीय उत्सुकतापूर्वक आपका इंतजार कर रहे हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राइमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108